Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 327 | रविवार, 30 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## छत्तीसगढ़ में डीजीपी-आइजी कान्फ्रेंस में

# पीएम मोदी बोले- 'देश की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी'

**रायपुर।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में आयोजित 60वीं डीजीपी-आइजी कान्फ्रेंस के दूसरे दिन अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने पुलिस बलों को आधुनिक तकनीक, डाटा-ड्रिवन मॉडल और एआइ आधारित समाधानों को अपनाने की सलाह दी, जिससे सुरक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। पीएम मोदी ने पुलिस बलों की सेवाओं, समर्पण और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके कार्यों की सराहना की।



उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए डिजिटल टूल्स के उपयोग और राज्यों के बीच साझा रणनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेस्ट प्रैक्टिस साझा करने से न केवल सहयोग बढ़ता है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत सुरक्षा ढांचा भी तैयार होता है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष शनिवार को चार प्रमुख सत्र आयोजित हुए। इनमें वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद-निरोध, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग में एआइ व फोरेंसिक तकनीक के उपयोग जैसे मुद्दों पर विस्तार से चचार्की गई। विभिन्न राज्यों के पुलिस प्रमुखों ने अपने-अपने प्रदेशों की कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा में तकनीक के बढ़ते उपयोग, जन आंदोलनों के प्रबंधन, फोरेंसिक साइंस के व्यापक उपयोग और अनुसंधान की क्षमता बढ़ाने, सुरक्षा चुनौतियों और सुधारों पर प्रेजेंटेशन दिए। अधिकारियों ने बताया कि शाम के सत्र में इंटेलिजेंस ब्यूरो के विशेष निदेशक तपन कुमार डेका ने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए विजन 2047 का रोडमैप पेश किया। छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम ने भी अपने राज्यों की सुरक्षा स्थिति से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट पेश की।

### आज पुलिस पदक से सम्मानित होंगे अधिकारी

यह सम्मेलन उस समय आयोजित किया गया है, जब कुछ सप्ताह पहले लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के पीछे सक्रिय एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का राजफाश हुआ था। राज्यों के पुलिस अधिकारियों को इस फोरम से नई तकनीकों और नीतियों की जानकारी मिली है, जिन्हें वे अपने-अपने राज्यों में लागू कर सकेंगे। आधुनिक आपराधिक कानूनों का सही उपयोग पुलिसिंग को और प्रभावी बनाएगा। तीन दिवसीय कान्फ्रेंस का रविवार को अंतिम दिन है। पीएम पुलिस पदक प्रदान करेंगे।

# संसद का शीतकालीन सत्र गरमागरम बहस के लिए तैयार



**नई दिल्ली।**

> विपक्ष चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का मुद्दा उठाएगा। विपक्ष का दावा है कि इसका उद्देश्य मतदाताओं के एक खास वर्ग का नाम मतदाता सूची से हटाना है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सपा और वामपंथी दल इस प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाने वालों में शामिल हैं और कथित तौर पर एसआइआर से जुड़ी मौतों का हवाला दे रहे हैं।

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू हो रहा है। दिल्ली की सर्दी भी इस दौरान सांसदों के तीखे भाषणों और गरमागरम बहसों को शांत करने में विफल हो सकती है। सरकार द्वारा सुधारों के एजेंडे पर आगे बढ़ने का संकेत देने और विपक्ष की ओर से चुनावी व जनता से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता दिखाने के चलते सत्र के दौरान राजनीतिक तूफान आने की संभावना है।

बिहार विधानसभा चुनाव में भारी जीत के साथ राजग की सत्ता में वापसी हुई है। इसलिए सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य आत्मविश्वास से लबरेज होंगे।विपक्ष चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का मुद्दा उठाएगा। विपक्ष का दावा है कि इसका उद्देश्य मतदाताओं के एक खास वर्ग का नाम मतदाता सूची से हटाना है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सपा और वामपंथी दल इस प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाने वालों में शामिल हैं और कथित तौर पर एसआइआर से जुड़ी मौतों का हवाला दे रहे हैं। विपक्षी दलों के एजेंडे में प्रदूषण और दिल्ली की वायु गुणवत्ता का मुद्दा भी शामिल है। एएनआइ के अनुसार, संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आइएनडीआइए के नेता एक दिसंबर को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कार्यालय में बैठक करेंगे। दोनों सदनों में विपक्ष का नेतृत्व कर रही कांग्रेस भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों, व्यापार समझौते और चीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी।

# कृषि उत्पादन ही नहीं, मजदूरों की क्षमता को भी घटा रहा बढ़ता तापमान




**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पांच देशों (भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश) में तापमान वृद्धि का खतरा सबसे अधिक है। बढ़ती गर्मी का प्रभाव खेतों में काम करने वाले लोगों की शक्ति और सहनशक्ति को कम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट चेतावनी देती है कि बढ़ता तापमान न केवल फसलों के उत्पादन को घटा रहा है, बल्कि मजदूरों-किसानों की काम करने की क्षमता को भी कमजोर कर रहा है और ग्रामीण गरीबी को गहरा रहा है। इसका सीधा असर किसानों और मजदूरों की जीविका पर पड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि दुनिया में तेजी से बढ़ते तापमान का असर अब खेतों, किसानों और फसलों पर साफ तौर पर दिखने लगा है और भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र के उन पांच देशों में शामिल है जहां कृषि पर बढ़ते तापमान का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र की नई एशिया-प्रशांत डिजास्टर रिपोर्ट 2025 में हुआ है, इसे संयुक्त राष्ट्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) ने जारी किया है। रिपोर्ट बताती है कि भारत के साथ अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश भी गंभीर खतरे में पड़े देशों में शामिल हैं। बढ़ते तापमान के कारण न केवल फसलों का उत्पादन घट रहा है बल्कि पशुधन की उत्पादकता भी कम हो रही है और इसके साथ किसानों-मजदूरों की काम करने की क्षमता पर भी असर पड़ रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और अफगानिस्तान के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी का दायरा भी बढ़ रहा है, जबकि भारत में आधुनिक कृषि प्रणाली और कई योजनाओं के जरिए करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर तक निकाला है। इससे यह साबित होता है कि अगर सरकारें लोक कल्याणकारी नीतियों पर फोकस करें तो जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से बचा जा सकता है।

# भारत के पहले आधिकारिक दौरे पर थाईलैंड के विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।**

थाईलैंड के विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ भारत के अपने पहले आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। उनका दौरा 2 दिसंबर तक चलेगा। थाईलैंड के विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ अपने पहले आधिकारिक चार दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंच गए हैं। उनका दौरा 2 दिसंबर तक चलेगा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक थाई विदेश मंत्री 30 नवंबर को राजधानी में आधिकारिक बैठक करेंगे। उनका यह दौरा 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलेगा। विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ आज शनिवार को राजधानी में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 1 दिसंबर को वे हैदराबाद हाउस में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।



# भारत समेत दुनियाभर में छह हजार विमानों की उड़ान पर खतरा

**नई दिल्ली।**

गंभीर सौर विकिरण के कारण दुनिया में सबसे लोकप्रिय एयरबस ए320 श्रृंखला के विमानों में सॉफ्टवेयर खराबी का खतरा बढ़ गया है। यह गड़बड़ी उड़ान नियंत्रण से जुड़े अहम डाटा को प्रभावित कर सकती है, जिससे विमान की ऊंचाई, दिशा और नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण गणनाएं गलत हो सकती हैं।



कंपनी ने दुनियाभर में संचालित करीब छह हजार विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट का आदेश जारी किया है और अस्थायी रूप से इनके उड़ान संचालन पर रोक लगा दी है। एयरबस के 55 वर्ष के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा तकनीकी हस्तक्षेप किया गया है। फ्रांसीसी विमान निमार्ता एयरबस ने बताया कि सौर विकिरण सॉफ्टवेयर संस्करण एल104 वाले एलिवेटर-एइलरान कंप्यूटर (ईएलएसी बी) को प्रभावित कर रहा है। यह कंप्यूटर विमान की ऊंचाई की गणना और उड़ान सतहों के नियंत्रण का महत्वपूर्ण कार्य करता है। इसी कारण यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) ने शुक्रवार को इमरजेंसी एयरवदीर्नेस डायरेक्टिव (ईएडी) जारी करते हुए सभी प्रभावित विमानों में तत्काल मरम्मत की अनिवार्यता घोषित की। ए320 विमानों में फ्लाई-बाय-वायर तकनीक का उपयोग होता है, जिसमें काकपिट से भेजे गए इलेक्ट्रानिक सिग्नल ईएलएसी जैसे कंप्यूटरों द्वारा प्रोसेस किए जाते हैं और इसके आधार पर एलिवेटर व एइलरान सतहें समायोजित होती हैं। सॉफ्टवेयर में छोटी सी त्रुटि भी उड़ान नियंत्रण प्रणाली को प्रभावित कर सकती है। सौर विस्फोट के दौरान सूर्य से निकलने वाले आवेशित कण कुछ ही मिनटों में पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल तक पहुंच जाते हैं। हाई एल्टीट्यूड पर उड़ने वाले विमानों में ये कण इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

### फ्लोरिडा में आपात लैंडिंग से सामने आया मामला

30 अक्टूबर को कैनकन-नेवार्क उड़ान के दौरान जेटब्लू एयरवेज की फ्लाइट (बी6-1230) अचानक 35 हजार फीट की ऊंचाई से नीचे आने लगी। इस घटना में 15 यात्री घायल हुए और विमान को टांपा, फ्लोरिडा में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। जांच में पाया गया कि सौर विकिरण के कारण ईएलएसी डाटा में आई गड़बड़ी से विमान का नियंत्रण प्रभावित हुआ था। हालांकि 'ऑटोपायलट' सिस्टम ने समय रहते विमान को स्थिर ऊंचाई पर पहुंचा दिया। एयरबस का कहना है कि ऐसी दूसरी कोई घटना सामने नहीं आई, लेकिन विश्लेषण से ए320सीईओ और ए320एनईओ श्रेणी के विमानों में व्यापक खतरे की पुष्टि हुई है।

# गाजा में मरने वालों की संख्या 70 हजार के पार



**यरुशलम।**

गाजा में युद्धविराम के बावजूद फलस्तीनियों को मारे जाने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। शनिवार को इजरायली सेना की कार्रवाई में रफाह के भूमिगत ठिकाने में नौ हमास लड़ाके मारे गए।

एक अन्य स्थान पर हुई फायरिंग में दो बच्चे मारे गए जबकि कई शव बमबारी से ध्वस्त हुए भवनों के मलबे से मिले हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70,100 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि 10 अक्टूबर को युद्ध विराम लागू होने के बाद से इजरायली गोलीबारी में 354 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 48 घंटों में गाजा पट्टी के अस्पतालों में दो शव पहुंचे हैं, जिनमें से एक को मलबे के नीचे से बरामद कर लिया गया है। युद्ध विराम के बावजूद, फलस्तीनी क्षेत्र गहरे मानवीय संकट में है।

# पाकिस्तान गाजा में भेजेगा सैनिक

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने शनिवार को घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फिलिस्तीनी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय कानून का विषय है। डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। करत्र का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है। डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फिलिस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा। डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4,000 सैनिकों की मौत और 20,000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है।



# उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी चक्रवात 'दितवाह' की भारत में दस्तक

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी, शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप जारी है, जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश (यूपी), और पंजाब सबसे अधिक प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने पंजाब में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर की स्थिति बने रहने का पूवार्नुमान लगाया है। दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में न्यूनतम तापमान गिरकर एक अंक में (सिंगल डिजिट) पहुंच गया है। इन क्षेत्रों में गलन वाली ठंड और घना कोहरा छाने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा/धुंध रह सकता है। पहाड़ी राज्यों (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड) में तापमान शून्य से नीचे चला गया है।



## संपादक की कलम से

# सुक्खू की सुबह से मुलाकात

शीतकालीन सत्र के कालीन पर कदमों के निशां कहां होते, वो मंजिलें मेरे दरिया की हैं इनके पांव नहीं होते। धर्मशाला इस वक्त अपने नूर की फिजां में एक चश्मदीद गवाह, दीदार कर रहा है कल सुबह हो न हो। यही फितरत रही होगी उस आर्किटेक्ट यानी स्व. वीरभद्र सिंह की, जिन्होंने सत्ता को धौलाधार का आंचल दिया। इस सफर की कहानियां अब मुख्यमंत्रियों के अंदाज में बनने लगी हैं। वीरभद्र सिंह चले, धूमल चले, जयराम चले और सुखविंद्र सिंह सुक्खू चल रहे हैं। होगी इबारत तेरे जश्न की, मगर तू चला तो हमने पढ़ लिया तेरा मुकाम। पिछले तीन दिन से शीतकालीन सत्र के चरित्र में कई उभार, कई ठहराव और मंद-मंद मुस्कराती हवाओं से टकराती सियासी शैलियां। कभी जोरावर स्टेडियम, तो कभी विधानसभा परिसर की तरफ निकलती टोलियां और बदलती बोलियां। खनकते उद्गार, स्वागत की मुद्राएं और प्रश्नों के अंबार। यह ह्यबिजनेसह्ल है, सदन और पटल पर रखे सरोकारों का, लेकिन एक विधानसभा बाहर भी सीधे जनता के मन में सजती है हर बार। एक स्पर्श भंवरे की तरह जब मंडराता है, तो राजनीतिक कोलाहल से दूर उन कदमों की आहट मात्र से सबेरा हो जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के दीदार ही शायद शिमला के सत्र को धर्मशाला स्थानांतरित करते हैं। इस शहर को अब आदत सी होने लगी है, सुबह की सुक्खू से मुलाकात होने लगी है। होगा अलग रूप सत्ता का, विधानसभा सत्र का उसूल भी अलग होगा, लेकिन जब कोई मुख्यमंत्री सुबह अपने कर्म के बागीचों में टहलता है, तो हवाओं का रुख बदलता है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने कचहरी में उसी सब्जी विक्रेता लडकी से जब पिछले साल का जिक्र किया, तो धंधे में जोश भर गया। वह बस स्टॉप में युवा पीढ़ी के मंतव्यों के सहचरी बन जाते हैं। वह शुक्रवार शहर में खेल नगरी का उत्साह देखते हैं, तो ट्रैक पर बच्चों के साथ सरकार चलती है। खेल परिसर में कितने ही खिलाडियों का पसीना भारत को अंतरराष्ट्रीय विजय के पथ पर ले जाता है ओर इसे तसदीक करतीं, तीन कबड्डी खिलाड़ी विश्व विजेता के पल मुख्यमंत्री से जोड़ देती हैं। प्रदेश गुजारिश करेगा कि भारत के लिए गोल्ड मेडल लाने वाली पांच हिमाचली बेटियों के गले में सरकार का पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि का पुष्पहार पड़े। जाहिर तौर पर जब मुख्यमंत्री अनौपचारिक ढंग से निकलते हैं, तो वास्तविक हिमाचल दिखाई देता है। उम्मीद है अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री की सुबह की सैर विभिन्न विभागों को नींद से जगाएगी। वैसे आजकल बहुत सारे सोए हुए महकमे जाग रहे हैं। प्रशासन ऐसा जागा कि शहर से आवारा पशु भाग गए। पुलिस ऐसी जागी कि सडकों पर पार्किंग की दामाद बनीं गाडियां अचानक गायब हो गईं। ट्रैफिक जाम नहीं होते इस शहर में आजकल वीआईपी चलते हैं। चाहे यह भ्रम हो, लेकिन चंद दिनों के लिए आम नागरिक को भी भरोसा हो जाता है कि व्यवस्था बदली जा सकती है। इसी शहर के बस स्टैंड को देखने एक बार बतौर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी रात को आए थे, लेकिन वहां दिन का अंधेरा कायम है। मुख्यमंत्री एक चक्कर वहां भी लगा लें, क्योंकि वहां कांग्रेस के नेता के नाम से पूरा अस्त-व्यस्त बस स्टैंड टंगा है। टंगी हैं कई परियोजनाएं और परियोजनाओं के खाके। यूनिटी मॉल के नक्शे और कान्वेंशन सेंटर की जमीन पर दो कदम चलके तो देखें। तपोवन के पास जदरांगल की जमीन पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की हरितिमा में सुबह के कदम राहत देंगे, एक साथ हजारों लोगों को। यह दीगर है कि शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष भी खूब चल रहा है। पेंशनर्स ने पुलिस स्टेडियम के आंचल में अपना दर्द भरा है, तो हर दिन हिमाचली फरियाद के कुनबे तपोवन में बसते हैं। शायद इस तरह का फीडबैक मॉल रोड पर की गई सैर से भी नहीं निकलेगा, क्योंकि राजधानी से दूर हिमाचल की सदियां अभी भी आंख नहीं खोल पाई हैं। हिमाचल में मुख्यमंत्री की सैर की तरह, हर जिला का प्रशासन सुबह-सुबह देखे तो पता चलेगा कि मंडी में आपदा बड़ी या नगर निगम के चुनाव जरूरी।



ललित शर्मा
संपादक

# न सिद्धारमैया, न शिवकुमार...कर्नाटक की लड़ाई में मल्लिकार्जुन खरगे ने सेट कर ली अपनी गोटी?

हिंदी में कहे तो शब्द की ताकत ही दुनिया की ताकत है। दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति यही है कि दिया हुआ वचन निभाया जाए। चाहे जज हो, राष्ट्रपति हो या कोई भी व्यक्ति। खुद मैं भी उसमें शामिल हूं। हर किसी को अपनी कही हुई बात पर चलना पड़ता है। 27 नवंबर 2025 को 8:21 मिनट पर 2023 कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के चाणक्य और राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने एक पोस्ट किया। राजनीतिक गलियारों में इसे सीधे तौर पर सत्ता हस्तांतरण समझौते, यानी दो ढाई साल बाद मुख्यमंत्री पद सौंपे जाने, का संकेत माना गया। शिवकुमार की पोस्ट के कुछ घंटे बाद ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जवाब देते हुए लिखा अ हङ्ग१ि२ ल्लङ्ग३ स्त्रङ्गद्दी१ ४ल्लह्ली२२ ३ ु३३ी१२ ३ँ हङ्ग१ह्ली ाङ्ग१ ३ँ स्त्रीङ्गस्त्रह्ली. इसे राजनीतिक विश्लेषक उनके पूरे कार्यकाल तक सीएम बने रहने के दावे के रूप में देख रहे।



कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद सीएम पद के लिए डीके शिवकुमार सबसे पोटेंशियल कैंडिडेट थे। कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट भी उन्हीं को गया था। मगर सीएम सिद्धारमैया को बनाया गया तब से ही हर रोज कयास लगाए जा रहे थे कि बतौर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे या फिर नहीं। तो कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद डीके शिवकुमार ने सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर दी है। हालांकि सार्वजनिक रूप से खुलकर उन्होंने कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन इसके लिए अपना प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू कर दिया है। राहुल गांधी की भी इस मामले में एंट्री हो चुकी है और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी इस मामले में एंट्री हो चुकी है। लेकिन डीके शिवकुमार मानने के लिए तैयार नहीं है। डीके शिव कुमार का कहना है कि जिस वक्त 2023 में नतीजे आए थे उस वक्त यह पार्टी आलाकमान ने तय किया था गुप्त कमरे में एक मीटिंग हुई थी जिसमें यह तय हुआ था कि ढाई साल पहले ढाई साल सिद्धारमैया मुख्यमंत्री रहेंगे और आखिर के जो ढाई साल हैं उसमें डीके शिव कुमार मुख्यमंत्री पद पर रहेंगे 20 नवंबर को वो ढाई साल का वक्त पूरा हो चुका है। ऐसे में डी के शिवकुमार अब जो उनके साथ डील हुई थी उस डील पर आए हैं कि ये डील अब पूरी होनी चाहिए लेकिन सिद्धार्थ रमैया का कहना है कि आलाकमान अब तय करेगा। दरअसल, 10 मई 2023 को जब कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस को बड़ी बहुमत मिली। 224 सीटों वाले राज्य में 223 सीटों पर लड़कर कांग्रेस को 135 सीटें आई। जुलाई 2019 में जिस तरह से भाजपा ने कांग्रेस के 13 विधायकों को तोड़कर राज्य में सरकार बनाई थी और सेंटर के बैकअप के बाद लगातार मजबूत दिख रही थी कांग्रेस की यह जीत निश्चित रूप से एक बड़ी जीत थी। इस जीत के बाद कांग्रेस का एक चेहरा स्टेट के बाहर भी काफी चर्चित हुआ। लोगों ने उसे कांग्रेस का चाणक्य माना और नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे फेवरेट चेहरा नाम था डी के शिव कुमार। डीके शिवकुमार ही कांग्रेस के स्टेट प्रेसिडेंट थे और पार्टी के लिए योजना बनाने से लेकर रिसोर्स मोबिलाइजेशन में वही हमेशा फ्रंट पर दिखे। इसलिए जीत का बड़ा क्रेडिट या कहें तो पूरा क्रेडिट उन्हीं को गया। मगर कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भरोसा जताया। एक बड़ा कारण यह भी कि सिद्धार्थ रमैया का कद बहुत बड़ा है और पुराने नेता उनके फेवर में ज्यादा थे। यह बिल्कुल वही कहानी है जैसा हम राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच देखते हैं। जो मध्य प्रदेश में हमने कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच देखा। वैसे दो और प्लेयर हैं वहां पर। वो भी मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। एक मलिकार्जुन खड़गे है जो कि खुद आलाकमान है। उनकी कर्नाटक सीएम बनने की बड़ी इच्छा है। कर्नाटक को जिंदगी में पहली बार एक दलित मुख्यमंत्री जरूर मिलना चाहिए। दलितों की आबादी भी 11% है।

अगर उनकी उम्र आड़े आती है तो इन सब से अलग प्रियांक खड़गे अलग गोटी सेट करने में लगे हैं।

### कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस हो सकता है?

कुमार को बस इस चीज का एज है कि पार्टी का ऑर्गेनाइजेशनल कंट्रोल उनके पास है। लेकिन यह सब बस संभावनाएं हैं। डीके शिवकुमार सार्वजनिक रूप से यही कह रहे हैं कि व्यक्तिगत हितों के आगे पार्टी का हित ज्यादा महत्वपूर्ण है। मगर फिलहाल सबकी नजर इसी पर है और ताजा हालात को देखते हुए यह तो जरूर कह सकते हैं कि कांग्रेस हाईकमान के पास एक बड़ा पॉलिटिकल टेंशन सामने है। जिसका नतीजा कर्नाटक के भीतर ऑपरेशन लोटस 2.0 के लिए भी रास्ता खोल सकता है। 89 के बाद कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत है 135 विधायकों के साथ। बीजेपी के पास 66 हैं और जेडीयू के पास 19 हैं। सिर्फ बीजेपी को सरकार बनाने के लिए बीजेपी प्लस जेडीयू प्लस 28 विधायकों की जरूरत है।

### सिद्धारमैया खेल सकते हैं दांव

सिद्धारमैया बाकी विकल्पों पर भी बात कर सकते हैं। वैसे विकल्प जिसमें पावर टशल पर विराम लगाने के लिए अपने किसी विश्वस्त को मुख्यमंत्री बनवाना या फिर इस शर्त पर आना कि डीके शिवकुमार को छोड़कर दूसरा कोई भी मुख्यमंत्री बने तो उन्हें समस्या नहीं होगी। ऐसे में डीके शिव कुमार भी अपनी तरफ से किसी को पुश कर सकते हैं। ऐसे में एक नाम जिस पर पार्टी विचार कर सकती है गृह मंत्री जी परमेश्वर का आता है।

# वॉशिंग मशीन में जमी गंदगी का होगा सफाया इस जादुई घोल से मिनटों में चमकेगी मशीन

लंबे समय तक इस्तेमाल करने से मशीन में डिटर्जेंट और पानी जम जाता है, जोकि कीचड़ बन जाता है। कपड़ों को धोने वाली वॉशिंग मशीन को खुद भी धुलाई और सफाई की जरूरत होती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉशिंग मशीन को बिना घिसे या बिना रगड़े कैसे अंदर से साफ कर सकते हैं। वॉशिंग मशीन होने से कपड़ों को धोने का काम काफी आसान हो गया है। ऑफिस जाने वाले लोगों के लिए वॉशिंग मशीन किसी वरदान से कम नहीं है। मिनटों में बिना मेहनत के ढेरों कपड़े आसानी से धुल जाते हैं। वहीं बिना घिसे वॉशिंग मशीन में कपड़े चमक जाते हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि क्या होगा अगर वॉशिंग मशीन में कपड़े धुलने की बजाय और गंदे होने लगें। बता दें कि अगर मशीन का इस्तेमाल लंबे समय तक किया जाए और इसकी सफाई न हो, तो ऐसी कंडीशन में वॉशिंग मशीन में कपड़े साफ होने की बजाय गंदे होने लगेंगे। लंबे समय तक इस्तेमाल करने से मशीन में डिटर्जेंट और पानी जम जाता है, जोकि कीचड़ बन जाता है। कपड़ों को धोने वाली वॉशिंग मशीन को खुद भी धुलाई और सफाई की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉशिंग मशीन को बिना घिसे या बिना रगड़े कैसे अंदर से साफ कर सकते हैं।



### सामग्री

- सिरका
- बेकिंग सोडा
- नींबू के छिलके
- ईनो
- बोरेक्स पाउडर
- डीस्केल

**ऐसे बनाएं वॉशिंग मशीन की सफाई का घोल:** वॉशिंग मशीन की सफाई वाला घोल बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में बेकिंग सोडा लें। मशीन के साइज के हिसाब से सभी चीजों की मात्रा का ध्यान रखें। उसमें 2 पैकेड ईनो मिलाएं। अह बोरेक्स पाउडर और नींबू के रस के साथ इसके छिलकों को भी घोल में मिला दें। इस तरह से वॉशिंग मशीन को चमकाने वाला मिश्रण तैयार है।

**ऐसे करें वॉशिंग मशीन की अंदर से सफाई:** अब मशीन को साफ करने वाले पेस्ट को मशीन के अंदर डालें। फिर इसमें आधी बाल्टी पानी और विनेगर डालें। ध्यार रखें कि मिश्रण डालने के फौरन बाद इन दोनों चीजों को फटाफट डालें। इसके बाद मशीन को 10 मिनट के लिए चला दें। इसके 3-4 एल्युमिनियम फॉइल्स की बॉल्स डाल दें। जब गंदा पानी दिखने लगे, तो इसको बाहर निकाल दें। इससे मशीन की सारी गंदगी बाहर आ जाएगी और वॉशिंग मशीन की स्मेल भी दूर हो जाएगी।

**इस पाउडर से करें सफाई:** आखिर में आपको डीस्केल डालना है। यह लिक्विड और पाउडर दोनों में आता है। इसे वॉशिंग मशीन में डालकर फिर से सफाई करें। इसका इस्तेमाल महीने में एक बार करें। इससे मशीन खुद से अच्छे से साफ हो जाती है।

## मोनिका डागा



### धर्म ध्वजा महोत्सव

### कविता

कॉटों में भी रास्ता स्वयं मिल जाता है,
जब चुनौतियों को साहस टक्कर देता है,
भयंकर तूफानों को चीरकर बुलंद जज्बे से,
ऐतिहासिक स्वर्ण अध्याय लिखा जाता है ।

दृढ़ संकल्प एक दिन सिद्ध हो जाता है,
जब आत्मविश्वास ही उत्तर बन जाता है,
विरोधाभासों को पछाड़ कर हौसले से,
आस्था प्रेम श्रद्धा का दीप जगमगाता हैं ।

हृदय गति सभागृह में एक सी हो जाती है,
जब धड़कनें गीत प्रेम से श्रीराम के गाती है,
सम्पूर्ण विश्व में नाद गूँज उठता आल्हाद से
ये मौन तरंगें तन-मन को चैतन्य कर जाती है ।

कठिन तप पीढ़ियों का फलीभूत हो जाता है,
जब समूचे भारत का लक्ष्य एक हो जाता है,
समाप्त कर वर्षों के संघर्ष को श्रीविजय से
हर्षित हो धर्म ध्वजा महोत्सव मनाया जाता है ।

प्रार्थनाएं स्वीकृत व साकार हो जाती है,
जब ईश्वरीय कृपा मूर्त रूप पा जाती हैं,
हृदय सागर में मचल उठती लहरें खुशी से
करोड़ों ऑखे ₹आनंद₹ में ऑसू बहाती हैं ।

# सर्दियों में साड़ी का स्टाइल बढ़ाएंगे ये वूलन ब्लाउज, खरीदें लेटेस्ट डिजाइन

सर्दी में साड़ी के साथ स्टाइलिश दिखने और ठंड से बचने के लिए ऊनी ब्लाउज एक बेहतरीन विकल्प हैं, जो एम्ब्रॉयडरी, टी-शर्ट, कार्डिगन और हाईनेक डिजाइन में उपलब्ध हैं। ये ब्लाउज आपकी साड़ियों को एक नया और आकर्षक लुक देते हैं, खासकर प्लेन या प्रिंटेड साड़ियों के साथ। वूलन ब्लाउज का चुनाव करके आप सर्दियों में भी साड़ी पहनने का आनंद ले सकती हैं और फैशन में बनी रह सकती हैं। हर भारतीय नारी पर साड़ी जरुर खिलती है। साड़ी पहनना हम सभी को काफी पसंद होती है। सर्दियों में साड़ी के साथ जब ब्लाउज पहनने के बात आती है, तो ऐसे में हम कॉटन या अन्य फैब्रिक के ब्लाउज को पहनना पसंद करते हैं। सर्दियों में लोग कम साड़ी पहनते है, जिसकी जगह सूट को ज्यादा स्टाइल करते हैं। अगर आप सर्दियों में वूलन ब्लाउज पहनेंगी तो आपका साड़ी लुक भी काफी अट्रैक्टिव दिखेगा। आइए आपको ब्लाउज डिजाइंस के बारे में बताते हैं।

**एम्ब्राइडरी वर्क वाला वूलन ब्लाउज:** वूलन ब्लाउज भी आजकल एम्ब्राइडरी वाले आ रहे हैं। इस तरह के ब्लाउज में आपको स्लीव्स पर एम्ब्राइडरी वर्क मिलेगा। यह आपके लुक को भी परफेक्ट बनाएगा। इस तरह के ब्लाउज को आप सिंपल साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज आपको मार्केट मिल जाएंगे।

**टी शर्ट डिजाइन वाला वूलन ब्लाउज:** यदि आप साड़ी के साथ टी-शर्ट डिजाइन वाले वूलन ब्लाउज स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। सर्दियों में अपनी प्लेन साड़ी को लुक देने के लिए वूलन ब्लाउज सबसे बेस्ट ऑप्शन है। यह ब्लाउज आप प्रिंटेड साड़ी के साथ वियर कर सकते हैं और सुंदर लुक पा सकते हैं।







**कार्डिगन डिजाइन वाला वूलन ब्लाउज:** खूबसूरत दिखने के लिए कार्डिगन डिजाइन वाले ऊनी ब्लाउज पहन सकती हैं। ऐसे ब्लाउज आपको प्लेन से लेकर एम्ब्रॉयडरी तक कई तरह के डिजाइनों में मिल जाएंगे। आप अपनी साड़ी के पैटर्न और स्टाइल के अनुसार इन्हें चुनकर कैरी कर सकती हैं। बाजार में इनके कई विकल्प आसानी से मिल जाते हैं।

**हाईनेक डिजाइन वूलन ब्लाउज:** सर्दियों में सुंदर और फैशन के लिए हाईनेक डिजाइन वाले वूलन ब्लाउज को खरीद सकते हैं। इस तरह के ब्लाउज हर एक साड़ी डिजाइंस पर अच्छे लगते हैं। आपको मार्केट में इस तरह के ब्लाउज आसानी से मिल जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# स्वर्गीय रामरक्षपाल गुप्ता की 30 वी पुण्यतिथि मनाई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में स्वर्गीय रामरक्षपाल गुप्ता की 30 वी पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर स्कूल परिसर में स्वर्गीय रामरक्षपाल गुप्ता की प्रतिमा पर स्कूल के चेयरमैन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता व प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल परिसर में स्वर्गीय राम रक्षपाल गुप्ता की 30 वी पुण्यतिथि के अवसर पर स्कूल की प्रबंध समिति के सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने उनकी स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

स्कूल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ मनु ?जेंद्र गुप्ता ने अपने पिता की स्मृतियों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेरे पूज्य पिता स्वर्गीय रामरक्षपाल गुप्ता हिंदी विषय के जाने-माने शिक्षक थे, उनकी इच्छा थी कि क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा की समुचित व्यवस्था नूरपुर जैसे छोटे से कस्बे में होनी चाहिए। उन्हीं के सपनों को साकार करते हुए मेरी पूज्य माता चंद्रकांति देवी द्वारा 29 नवम्बर 1997 को स्वर्गीय रामरक्षपाल गुप्ता की द्वितीय पुण्यतिथि पर इस स्कूल की नींव रखी। आज उन्हीं के पद चिन्हों पर हम सब चलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हीं की याद में स्थापित इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अपने माता-पिता के अलावा देश व समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्कूल के बच्चें व अभिभावक सदा याद रखेंगे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने स्कूली बच्चों को स्कूल की स्थापना के उद्देश्य के विषय में बताते हुए कहा कि स्वर्गीय गुप्ता जी ने शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई थी। उसे निरंतर आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए हम सब मिलकर निरंतर काम करते रहेंगे। स्वर्गीय राम रक्षपाल गुप्ता की स्कूल में स्थापित प्रतिमा हमें हमेशा उनकी स्मृति और यादों का स्मरण कराती रहती है। आर आर पब्लिक स्कूल उनकी ही प्रेरणा, सोच और सपने को आकार देकर बनाया गया एक शिक्षण संस्थान है। उनके जीवन के आदर्शों और सिद्धांतों को आधार बनाकर ही इस स्कूल की नींव रखी गई थी। आज स्कूल उनके इस सपने को साकार करने की दिशा में पिछले 28 वर्षों से सतत प्रयासरत हैं। इस अवसर पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, नीरज त्यागी, चंचल कटारिया, कपिल कुमार, अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जे.पी. पब्लिक स्कूल मे फ्यूचर गवर्नेंस एक्सपो का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर ने फ्यूचर गवर्नेंस एक्सपो 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जहां छात्रों ने शासन और नेतृत्व को व्यावहारिक रूप से समझने के लिए प्रमुख प्रशासनिक भूमिकाओं का आत्मविश्वास से कार्यभार संभाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधिका नीतू गुप्ता और अतिथि पारुल गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं सम्मानित किया। जिन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से भविष्य के नेताओं के पोषण की स्कूल की पहल की प्रशंसा की।

विद्यालय प्रबंधिका नीतू गुप्ता प्रतिभाशाली छात्रों उशबा, यश, वैभव, लविश, अयान, मयंक, रुद्राक्ष और अंशुमन के मार्गदर्शन में - विभिन्न शीर्ष अधिकारियों को अनुशासन, जिम्मेदारी और वास्तविक जीवन के निर्णय लेने के कौशल के साथ चित्रित किया। एंकरिंग को साकिबा और अलीना ने शक्तिशाली रूप से संभाला, जबकि जारा ने आधिकारिक इवेंट रिपोर्टर के रूप में कार्य किया। स्कूल के मंच को एक प्रामाणिक प्रशासनिक कमांड सेंटर की तरह खूबसूरती से सजाया गया। जिसमें अधिकारी डेस्क, पोडियम, राष्ट्रीय डिजाइन और यथार्थवादी प्रॉप्स रहे। जो वास्तव में एक इमर्सिव गवर्नेंस वातावरण बनाते थे। छात्रों ने शानदार संचार, जागरूकता और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की और उनका और उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन उनकी वास्तविक पहचान के रहस्योद्घाटन और ₹जय हिंद₹ के देशभक्तिपूर्ण सलामी के साथ हुआ, जो एक ऐसे कार्यक्रम की सफलता को चिह्नित करता है। जहां कल के प्रशासकों ने आज नेतृत्व करना सीखा।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिला चिकित्सालय और वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** मा० राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिला चिकित्सालय एवं वन स्टॉप सेंटर औचक रूप से पहुँचकर निरीक्षण किया।

जिला महिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान नवजात बच्चों के माता-पिता से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा नवजात बालिकाओं को बेबी किट एवं कपड़े प्रदान किए। उन्होंने ए.एन.सी. कक्ष, ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, एस.एन.सी.यू. कक्ष तथा इमरजेंसी कक्षों का गहनता से मुआयना किया। उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपस्थिति, सेवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं के संबंध में सीएमएस डॉ. अनवर सादात से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज या तीमारदार को अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना न करना पड़े तथा अस्पताल कर्मी मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखें और उनसे मधुर संबंध बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में रखे अग्निशमन यंत्रों की स्थिति एवं उनकी एक्सपायरी के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने वन स्टॉप सेंटर पहुँचकर मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नवजात बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएँ मजबूत हुई हैं और कुपोषण के मामलों में लगातार कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं निराश्रित महिलाओं के उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनसे महिलाओं को सशक्त बनाने में योगदान प्राप्त हो रहे हैं।

# फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**नूरपुर।** फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी शिवाला कला में मिशन शक्ति? 5.0 के तहत थाना शिवाला कलाँ द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रभारी निरीक्षक थाना शिवाला कलाँ लक्षपत सिंह रहे। जिन्होंने बच्चों को ҳसशक्त नारी समृद्ध प्रदेशҳ के अंतर्गत महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं साइबर क्राइम से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक छात्र-छात्रा को सोशल मीडिया एवं इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार की घटना या परेशानी की जानकारी तुरंत परिवार, स्कूल अथवा पुलिस को देने तथा 1090, 112, 108,और 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में थाना शिवाला कलाँ का स्टाफ, विद्यालय के एम डी संघर्ष चौहान, एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित है।

# सतीश कुमार साहनी को दिल्ली प्रदेश के निषाद समाज का संयोजक बनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ओबीसी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी 14 दिसंबर को होने वाली ₹वोट चोर गद्दी छोड़₹ महारैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस फिशरमैन कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश कुमार साहनी को दिल्ली प्रदेश के निषाद समाज का संयोजक बनाया है। उक्त मनोनयन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण चंद्र पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, अहमद जमाल अंसारी, डॉ. अखिलेश शर्मा, दिलशाद अफसर, निसार अहमद, अरुण पाण्डेय, अमित कुमार सिंह बिट्टू, महेश कुमार आदि ने बधाई दिए हैं।

# सांसद मोहिबुल्लाह नजवी ने शाहबाद क्षेत्र का किया तूफानी दौरा



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** सांसद मोहिउल्लाह ने एसआईआर के तहत चल रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता बूथों में जाकर पूरी जानकारी की। साथ ही बीएलओ से सभी पात्रों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को कहा। आगामी चुनाव के तहत पूरे देश में एसआईआर का काम चल रहा है। जिसके तहत पात्रों के नाम सूची में जोड़े जा रहे हैं। एसआईआर में हो रही मनमानी के आरोप में शनिवार को सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने शाहबाद क्षेत्र के ग्राम पटवाई परोता रुस्तमपुर महेबा शाहपुर देव और खदेली बड़ागांव भगवतीपुर दिवियापुर धरमपुर चदोली केसरपुर खरसोल कस्बा शाहबाद के अलावा कई अन्य बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ के साथ ही वहां पर मौजूद मतदाताओं से भी बात की। बीएलओ ने बताया कि घर-घर जाने के साथ ही कैंप लगाकर मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े जा रहे हैं। वहीं कई लोगों ने बीएलओ पर मनमानी करने का भी आरोप लगाया। जिस पर उन्होंने बीएलओ से निष्पक्ष तरीके से सूची में नाम काटने और हटाने को कहा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी ने लोगों से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता गणना प्रपत्र फॉर्म भरने से छूटना नहीं चाहिए और सभी लोगों को जागरुक होकर मतदाता गणना प्रपत्र फार्म भरवाये इस दौरान अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष बदन सिंह यादव नरेश यादव सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट मौलाना रफी नूरी कलवे अली जमील सैफी आसिफ अली डॉक्टर आजम नासिर शेख अरशद अली एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# पीएम राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में महिला सशक्तीकरण पर छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का मा० राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने पीएम राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया और छात्राओं से संवाद किया।

उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और भविष्य निर्माण पर विस्तार से चर्चा की तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, परंतु इन योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब महिलाएं और छात्राएं पूरी तरह जागरूक होंगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि उनका भविष्य उनकी मुट्ठी में है इसलिए मोबाइल फोन से दूरी बनाकर किताबों से दोस्ती करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी जाकर ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करें क्योंकि जो ज्ञान आज प्राप्त होगा, वही आने वाले जीवन में मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बताया कि बेटियां दो घरों को रौशन करती हैं और उनकी कलम और इच्छाशक्ति उनके भाग्य को बदल सकती है। अच्छे संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं के बाद छात्राओं के लिए हर क्षेत्र में शिक्षा के अवसर उपलब्ध होते हैं, इसलिए प्रत्येक बालिका को अपना लक्ष्य और विजन स्पष्ट करते हुए आगे की शिक्षा अवश्य जारी रखनी चाहिए। आज समय बदल रहा है और महिला सुरक्षा एवं संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ҳऑपरेशन सिंदूरҳ में भी बेटियों ने सक्रिय भूमिका निभाकर अपनी क्षमता और साहस को सिद्ध किया है। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि कई बार 12वीं कक्षा के बाद कुछ छात्राएं पारिवारिक कारणों से आगे पढ़ाई जारी नहीं रख पाती हैं। कार्यक्रम में मा० राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी तथा प्रधानाचार्य शिवशंकर उपस्थित रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत दिन शनिवार को विकास खंड जहांगीराबाद की न्याय पंचायत नवीनगर की खेलकूद प्रतियोगिता ग्राम रौण्डा स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई। खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद के चेयरमैन किशनपाल लोधी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बुलंदशहर के सांसद डॉ० भोला सिंह उपस्थित रहे।

आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओ में दौड़, कब्बड्डी, खो-खो आदि का बालक/बालिका वर्ग में आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राजकमल एवं माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजित प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी 100 मीटर बालक दौड़ में विपुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसी क्रम में 100 मीटर की बालिका दौड़ में अनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक दौड़ में शिवम एवं 200 मीटर बालिका दौड़ में श्वेता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग कबड्डी में नवीनगर की टीम विजेता तथा रौण्डा की टीम उपविजेता रही। वहीं बालिका वर्ग खो-खो खेल में किसान आदर्श इंटर कॉलेज की टीम ने बाजी मारी। आयोजित प्रतियोगिता में ग्राम प्रधान रौण्डा श्रीमती मिथिलेश चौधरी, खेल संयोजक सुनील गिरी महामंत्री, मंडल अध्यक्ष मोहित कपासिया, जिला पंचायत सदस्य सतपाल सिंह तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक कपासिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# टाण्डा क्षेत्र में भाकियू की किसान समीक्षा बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में ग्राम शहपुरा में किसान समीक्षा बैठक एवं प्रदेश सचिव (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) सरदार मनजीत सिंह अटवाल के स्वागत समारोह का आयोजन धूमधाम से हुआ। ढोल-नगाड़ों और फूलों की बारिश के बीच किसानों ने अपने नेता का जोरदार स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता हाजी अल्लाहु ने की जबकि संचालन जिला सचिव साबिर अली ने किया। मुख्य अतिथि सरदार मनजीत सिंह अटवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन कार्यकताओं की मेहनत और विश्वास पर ही खड़ा है। उन्होंने धान खरीद में हो रही अनियमितता पर गहरी नाराजगी जाहिर की और चेतावनी दी कि जल्द ही भाकियू धरना-प्रदर्शन करेगी तथा एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगा।

इस दौरान करीब एक दर्जन युवाओं को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। किसानों ने टांडा मंडी समिति में धान खरीद में हो रही धांधली का दर्द सुनाया ।जिसे सुनकर अटवाल जी अपने काफिले के साथ तुरंत मंडी पहुँचे। वहाँ पहुँचते ही हड़कंप मच गया। केंद्र प्रभारी एसएमआई आदि मौके पर नहीं मिले। अटवाल ने तत्काल डिप्टी आरएमओ को फोन घुमाया और पूरी स्थिति से अवगत कराया। डिप्टी आरएमओ ने किसानों को किसी तरह की परेशानी न होने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मनजीत सिंह अटवाल, जिला सचिव साबिर अली, युवा नगर अध्यक्ष टाण्डा फरीद खां, नगर अध्यक्ष टाण्डा मजहर अली लाला, वारिस चौधरी, हसीन खाँ, लखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, गुरमुख सिंह, इमरान अंसारी, बलजीत सिंह, गुरप्रीत अटवाल, इंतजार, रफीक, हसीब, फरजंद, अलीम, लियाकत, नजाकत, मसरूफ, फुरकान, हसीब और जसवंत आदि मौजूद रहे।



# AIMIM ने चार सूत्रीय मांगो को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** मतदाता गहन पुनरीक्षण गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया में उत्पन्न समस्याओं के निवारण तथा समय-सीमा बढ़ाये जाने के सम्बन्ध मे ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष निशात अली की अध्यक्षता मे एमिम के कार्यकर्ताओ ने शनिवार को चार सूत्रीय मांगो को लेकर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा की वर्तमान में जनपद में संचालित मतदाता गहन पुनरीक्षण (रकफ) गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया में आम जनमानस को गम्भीर व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के कारण प्रपत्रों का सही, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध भरना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण व शहरी दोनों स्तरों पर निम्नलिखित प्रमुख कठिनाइयां सामने आ रही हैं-

(1).प्रपत्र भरने हेतु प्रदान की गई अवधि अत्यन्त अल्प (केवल एक माह) है, जिसके कारण व्यापक जनसंख्या समय पर अपना विवरण प्रस्तुत नहीं कर पा रही है।

(2).अनेक परिवार अपने परिजनों के दीर्घकालिक उपचार हेतु बाहरी जनपदों/राज्यों में हैं, जिस कारण उनकी उपस्थिति? एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। (3).कुछ ग्राम क्षेत्रों में गांवों की सूची एवं आवश्यक डेटा उपलब्ध न होने से प्रपत्र भरना बाधित हो रहा है। (4).ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोग अल्पशिक्षित/अशिक्षित होने के कारण स्वयं फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप वे किसी एक विशेष व्यक्ति पर निर्भर हो रहे हैं, जिससे अत्यधिक भीड़ एक ही स्थान पर एकत्र हो रही है। (5).कई परिवारों में विशेष रूप से महिलाओं के प्रपत्र ससुराल एवं मायके दोनों स्थानों पर अनजाने में भर दिये गये, परन्तु ऐसे प्रकरणों को रद्द/संशोधित करने की कोई औपचारिक व्यवस्था या स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध नहीं है। बीएलओ स्तर पर भी इस सम्बन्ध में कोई प्रभावी समाधान प्राप्त नहीं हो रहा है। (6).सीमा-क्षेत्र की विशेष समस्या सिद्धार्थनगर जिला नेपाल सीमा से सटा होने के कारण अनेक महिलाएं नेपाल में जन्मी या पली-बढ़ी हैं तथा उनकी शादी भारत में हुई है। ऐसे में 2003 की मतदाता सूची में उनके माता-पिता अथवा अभिभावक का विवरण उपलब्ध नहीं है और बीएलओ सहित टोल-फ्री नम्बर 1950 से भी संतोषजनक समाधान नहीं मिल रहा है। (7).अनेक लोगों द्वारा आवश्यक साक्ष्यों/दस्तावेजों का संकलन कम समय में कर पाना संभव नहीं है, जिससे गलतियां बढ़ रही हैं। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की जाती हैं।

## स्मार्ट मीटर लगा रहे कर्मचारी कर रहे अभद्रता, पुलिस की दे रहे धमकी

**मथुरा/कोसीकलां।** नगर के विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्र्माट मीटरों को लेकर कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों पर जबरन मीटर लगाने एवं इंकार करने पर पुलिस से दबाब बनवाने व पुराने मीटरों को तोडफर फेंकने का आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कर्मचारी महिला, वुजुर्गो से अभद्रता कर रहे है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा विद्युत विभाग को प्राइवेट हाथों मे सौपने का कार्य चल रहा है, इसलिए कार्यदायी संस्था के कर्मचारी पुराने मीटरों को उखाडकर नये स्र्माट मीटर लगा रहे हैं। उपभोक्ताओ का आरोप है कि हाल ही जिन लोगों ने नए मकान बनाए है और विद्युत विभाग की ओर से जो मीटर उनके घरों व प्रतिष्ठानों पर लगाए गए है, उन्हें भी कार्यदायी संस्था के कर्मचारी जबरन उखाड कर फेंक रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने ली गंगा संरक्षण की बैठक



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की नदियों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार से संबंधित विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बागेश्वर नगर क्षेत्र की सीवरेज प्रणाली के निर्माण हेतु अधिशासी अभियंता, जल निगम को आगामी 30 वर्षों की संभावित जनसंख्या के आधार पर विस्तृत डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ईओ बागेश्वर को पगना में प्रस्तावित कूड़ा निस्तारण स्थल के निर्माण संबंधी कार्यवाही तेज करने तथा पुराने कूड़ा निस्तारण स्थल को खाली करवाते हुए दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को जनपद में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, नियमित निरीक्षण करने तथा घर-घर व व्यापारिक प्रतिष्ठानों से कूड़ा संग्रहण करते हुए कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थानों पर नदियों में कूड़ा फेंका जा रहा है, ऐसे स्थलों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि नदियों का प्रदूषित होने से रोका जा सके बैठक में नमामि गंगे परियोजना अधिकारी विवेक परिहार ने बताया कि बागेश्वर नगर की सीवरेज प्रणाली के निर्माण हेतु राज्य सेक्टर नागर योजना के अंतर्गत 349.17 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

## सार संक्षेप

### किसानों को समय से उपलब्ध कराएं सहकारी समितियां : हिमांशु गौतम



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जिले के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (बी-पैक्स) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बी-पैक्स अनवरपुर (कांवी) विकासखंड हापुड़, तथा बी-पैक्स धौलाना, बझेड़ा खुर्द व खेड़ा तिसौली विकासखंड धौलाना का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी अभिलेखों को समय पर अपडेट रखा जाए और किसानों को यूरिया सहित सभी कृषि सामग्री समय से उपलब्ध कराई जाए। मौके पर मौजूद सचिव ने बी-पैक्स अनवरपुर कांवी में टॉयलेट निर्माण की मांग रखी। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने एआर कोऑपरेटिव को नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कम्पोजिट विद्यालय बझेड़ा खुर्द का भी निरीक्षण किया गया, जहां सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। सीडीओ ने मौके पर सफाई कर्मचारी को बुलाकर विद्यालय की सफाई कराई और निर्देश दिए कि विद्यालय में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### अड़ींग में बगैर केविल बदले लगे स्मार्ट मीटर

**मथुरा।** गांव अडींग में स्मार्ट मीटर बदलने का काम किया जा रहा है। मीटर बदलकर सीलिंग सर्टिफिकेट तो उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है लेकिन कर्मचारी उसमें केविल बदलना दर्शा रहे हैं। सैकड़ों मीटर बदल चुके हैं लेकिन केविल कहीं नहीं बदली हैं। इसे लेकर लोगों में संसय बना हुआ है। विदित हो कि स्मार्ट मीटर सैकड़ों की तादात में लग चुके हैं। अनवरत लगाए जा रहे हैं। मीटर लगाना पूरी तरह से निशुल्क है। केविल बदलना भी निशुल्क है ?। मीटर बदल चुके हैं लेकिन केविल नहीं बदली हैं। सीलिंग सर्टिफिकेट पर केविल बदलना दर्शाकर उपभोक्ता के हस्ताक्षर भी लिए जा रहे हैं। उपभोक्ता के हस्ताक्षर होने से केविल बदलने की सहमति भी उपभोक्ता की ओर से हो चुकी है। उपभोक्ता पूनम का आरोप है कि उनका बिल 200 रुपए का था जो स्मार्ट मीटर का ओटीपी देने के साथ ही 2000 का मैसेज आ गया। इस मामले में एसडीओ गोवर्धन ने बताया कि सभी लगे मीटर वाले उपभोक्ताओं की केविल एक साथ बदली जाएगी। बगैर बदले केविल बदलने के प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराने के सवाल को वह टाल गए।

### इनामी अपराधी मसूद शेख उर्फ दानिश उर्फ चीटा गिरफ्तार



**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना हापुड़ नगर में गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी अपराधी मसूद शेख उर्फ दानिश उर्फ चीटा पुत्र शकूर, निवासी जनपद संभल को सुल्तानपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। बताया गया कि गिरफ्तार अपराधी मसूद शेख उर्फ दानिश उर्फ चीटा के विरुद्ध हापुड़ जनपद के कई थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा फरीदाबाद (हरियाणा) तथा पशु क्रूरता अधिनियम, वृंदावन (जनपद मथुरा) में भी उसके खिलाफ कई मामले पंजीकृत हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# प्रथामिक स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन में संचालित हो रहे हैं अस्पताल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**







**बांसी/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बांसी अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेतिया कई बरसों से संचालित हो रहा है, जिसका भवन पूर्णतया जर्जर हो गया है। वहीं दूरभाष के माध्यम से फार्मासिस्ट/प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेतिया पंकज शुक्ला के द्वारा बताया गया कि मैं अवकाश पर हूं। लेकिन बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग में जर्जर अस्पताल के लिए ध्वस्तीकरण हेतु सूचना भेज दिया गया है। वर्तमान में अस्पताल का संचालन उक्त बिल्डिंग में ही चल रहा है। अस्पताल में चिकित्सक आवास जर्जर पड़े हुए हैं। जिसको लेकर अस्पताल में कोई एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति नहीं है। नियुक्ति के लिए पहले ही उच्च अधिकारी से पत्राचार किया गया है। पुराने भवन कंडम घोषित होने पर ध्वस्तीकरण कराया जायेगा। सुबह 9:55 पर स्वीपर/चौकीदार विनोद कुमार अस्पताल परिसर का साफ सफाई कर रहे थे। 10 बजते ही डॉक्टर आबिदा खातून एलएमओ अस्पताल प्रांगण में पहुंची। पहले से मौजूद मरीज क्रमवार अपने केबिन में बुलाकर स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया। वार्ड बॉय की बात किया जाये तो प्रदीप श्रीवास्तव सीएल छुट्टी पर थे। स्टाफ नर्स अर्चना, कश्मीरा रावत प्रसव कक्ष में कुछ गर्भवती महिलाओं का चेकअप कर रही थी।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, एक गंभीर घायल

**मथुरा/कोसीकलां।** शनिवार शाम नेशनल हाइवे पर पप्पू ढाबा के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरिओम पुत्र पीरे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिपाल पुत्र राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर कोटवन चौकी प्रभारी मनोज शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों युवक कोसीकलां से हताना जा रहे थे तभी सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घायल महिपाल को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा हेतु रेफर किया गया है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## श्रीमद् भगवद् गीता जयन्ती समारोह में गीता को राष्ट्रीय धर्मग्रंथ घोषित करने की मांग




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति विद्वत समाज ब्रजमण्डल के तत्वावधान में मसानी स्थित सेवादास आश्रम पर श्रीमद् भगवद् गीता जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। त्रिदिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य विद्वत्जनों व जनमानस ने भगवद् गीता का पूजन अर्चन किया। तदुपरान्त मंगलद्वीप प्रज्जवलन कर वर्तमान परिपेक्ष्य में गीता की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी हुयी। समारोह की अध्यक्षता करते हुये समिति संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज ने कहा की गीता के उपदेश व शिक्षायें एक सिद्धान्त के रूप में है। गीता केवल धार्मिक ग्रन्थ नहीं बल्कि सार्वभोमिक ग्रन्थ है। आचार्य लालजी भाई शास्त्री ने कहा की हमें अपनी भावी पीढ़ी को संस्कृत विषय की शिक्षा अवश्य देनी चाहिये। जिससे वह सारगर्भित रूप से गीता का अध्ययन कर सकें।

पंकज पंण्डित ने बताया की समारोह के द्वितीय दिवस पर समिति द्वारा गीता पाठ विद्वानों द्वारा किया जायेंगा। तृतीय दिवस पर गीता का प्रति श्लोकी आहुति महायज्ञ का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोष्ठी में विचार व्यक्त करने वालों में रामू बाबा, पं विनोद गौड़, संजय पिपरोनिया, गोपाल शास्त्री, तरुण चोंबाल शास्त्री, रवि शास्त्री पवन शर्मा अमित शर्मा आदि प्रमुख थे।

# एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सपा नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान तेज


**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने का अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चल रहा है। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ समाजवादी नेता और विधानसभा के प्रबल दावेदार आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सपा नेता आशुतोष शर्मा ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। हर नागरिक का वोट सुरक्षित रहे और कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रह जाए—इसी लक्ष्य के साथ उनकी टीम गांव-गांव जाकर लोगों को मतदाता सूची से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि रकफ कार्य में दिन-रात जुटे बीएलओ लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहे हैं। उनके सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा 4 दिसंबर को अभियान समाप्त होने के बाद गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के सभी बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा।

आशुतोष शर्मा की टीम ग्रामीण इलाकों में ऐसे लोगों की भी मदद कर रही है जिन्हें फॉर्म भरने में कठिनाई होती है या जिन्हें प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। सपा नेता ने कहा कि वोट का अधिकार हर भारतीय नागरिक को समान रूप से मिला है, चाहे वह गरीब हो या अमीर। एक वोट की ताकत से ही देश में मजबूत नेतृत्व का चयन होता है। उन्होंने कहा कि—लोकतंत्र को मजबूत रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक की वोट सुरक्षित रहे, यही हमारा उद्देश्य है। हमारी टीम गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में दिन-रात सेवा भाव से कार्य कर रही है।

# भाजपा पार्टी की नव-मनोनित जिला अध्यक्ष कविता माद्रे ने सांसद अरुण गोविल को किया धन्यवाद



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी की नव-मनोनित जिला अध्यक्ष कविता माद्रे शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद आज मेरठ हापुड़ लोकसभा सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता श्री अरुण गोविल से मुलाकात करने उनके मेरठ स्थित आवास पर पहुंचीं। मुलाकात के दौरान श्रीमती कविता माद्रे ने सांसद अरुण गोविल को पुष्पगुच्छ भेंट कर धन्यवाद प्रेषित किया और आश्वस्त किया कि वे पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक मूल्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगी।

इस अवसर पर सांसद अरुण गोविल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो वास्तव में कार्यकर्ता का सम्मान करती है तथा जिसमें परिवारवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही शीर्ष तक पहुंचते हैं। सांसद ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कविता माद्रे को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे जिले को एक सूत्र में पिरोकर, कार्यकताओं का सम्मान करते हुए संगठन को और सशक्त बनाना है।

मुलाकात के दौरान राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, शैलेंद्र त्यागी, विनोद गुप्ता, अशोक बबली, कपिल सम, कुणाल चौधरी, प्रवीण शर्मा, पायल गुप्ता, छवि दीक्षित, मनोरमा रघुवंशी, नितिन पाराशर, भूपेंद्र सिंह, डॉ. कस्तूरी, रोहताश यादव, जतिन साहनी, अमित शर्मा, योगेंद्र पंडित, मनोज करनवाल, मनीष गर्ग, सुनील वर्मा, लता शर्मा शशि गोयल मंजू कंसल बबिता मादरे नीलम शर्मा मंजू लता सुयश वशिष्ठ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैदिक पारिवारिक व्यवस्था बच्चों के विकास हेतु वरदानः डॉ दयाशंकर मिश्र

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** सेमिनार हॉल, साइंस फैकल्टी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में नई सुबह इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एण्ड बिहेवियरल साइंसेज व्दारा आयोजित बाल विकास का मनोविज्ञान विषेयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार /सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' कहा कि परिवार मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण आधार है और संयुक्त परिवार बच्चों के विकास के लिए वरदान है। दादा-दादी व नाना - नानी कहानियों के माध्यम से बच्चों में सकारात्मकता, धनात्मक सोच व धैर्य का संचार करते हैं। एकांकी परिवार में बच्चे भरत के किदरदार को कैसे समझेंगे। मोबाइल श्रवण कुमार की कहानी नहीं सुना सकता है। एकल परिवार का बढ़ता चलन एवं आधुनिक जीवन शैली बच्चों व युवा पीढ़ी को संस्कारों से दूर ले जा रहा है समाज को इस पर गहन चिंतन करके समाधान ढूंढना आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीक्षक केंद्रीय कारागार वाराणसी राधा कृष्ण मिश्रा जी ने कहां की बच्चों के विकास के मनोविज्ञान पर सेमिनार करना राष्ट्र निर्माण से जुड़ा हुआ मुद्दा है क्योंकि किसी भी राष्ट्र का भविष्य बच्चों से जुड़ा होता है जब बच्चों का संतुलित विकास होगा तभी राष्ट्र का सर्वोत्तम विकास होगा। बच्चों के विकास में परिवार के वातावरण तथा परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए संस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि 95 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर जी ने कहा कि एकल परिवार में बच्चों से बातचीत करने वाला कोई नहीं होता जिससे बच्चे अत्यधिक मोबाइल का उपयोग करते हैं और आउटडोर खेलों से दूर होते जा रहे हैं अभिभावकों का बच्चों से अनापेक्षित अपेक्षाएं भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती है इन सारे स्थितियां का निराकरण कर बच्चों के विकास को सही दिशा प्रदान की जा सकती है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ अजय तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों के विकास में मनोवैज्ञानिकों के महत्वपूर्ण भूमिका होती है मनोवैज्ञानिक गर्भावस्था से लेकर बाल्यावस्था तक बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए उचित परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करता है। कार्यक्रम में नई सुबह संस्था के पीजीडीआरपी सत्र 2024-25 के सफल छात्रों को डिग्री तथा सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय सेमिनार सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिनों में बच्चों के विकास का मनोविज्ञान पर 23 विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण प्रदान किया गया व 27 शोधपत्र पढा गया।

कार्यक्रम को डॉ एस के प्रसाद पूर्व उप मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त एवं रोहतक हरियाणा के नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ मुकेश कुमार ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रो राजीव बाटला, जिओ फिजिक्स, बीएचयू, डॉ मनोज कुमार तिवारी वरिष्ठ परामर्शदाता एआरटीसी, बीएचयू, सुनीता तिवारी, उपनिदेशक अनुराग तिवारी, डॉ अमित तिवारी, राजीव सिंह, गौरव चक्रवर्ती, अर्पित मिश्रा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सम्बंध में ली समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार, संजय सिंह, ऊषा सिंह, नरेंद्र यादव, दीपिका मेहर, आदेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति सहित तहसील सदर क्षेत्र समस्त सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली।

तहसील सदर क्षेत्र में प्रति 50 बूथों पर एक डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है, जो विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का निरंतर निगरानी करते हुए ससमय फॉर्म कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन के कार्य को पूर्ण कराएंगे। जिलाधिकारी ने सभी डिप्टी कलेक्टरों से बारी-बारी से उनकी प्रगति पूछी तथा निर्देशित किया कि आगामी 2 दिनों के अंदर समस्त कलेक्शन एवं फीडिंग के कार्य को सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी ने सदर क्षेत्र के समस्त 49 सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि अपने अपने बीएलओ से निरंतर संपर्क करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूर्ण कराए। आप सभी सुपरवाइजर अपने-अपने बीएलओ को प्रोत्साहित करे। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरों को कहा आप लोगों के सहयोग से बीएलओ को बल मिलता है। आपके सहयोग से सुगमता के साथ उक्त कार्य ससमय पूर्ण होगा।

घर-घर जाकर तत्परता के साथ फॉर्म एकत्रित करे और फॉर्म की फीडिंग तेजी से कराए।

## दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में आधा दर्जन से अधिक विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में एक सप्ताह पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुषों के विरूद्ध अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में विगत 23 नवंबर को रोहतास, पक्ष व विनोद पक्ष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी मारपीट में दोनों पक्षों में जमकर लाठी,डंडे व धारदार हथियार चले थे, मारपीट में विनोद पक्ष से विनोद व उसका दामाद बसंत एवं पुत्री मानसी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एवं रोहतास पक्ष से अनुज,सनुज,व दो पुत्री साक्षी व रुचि, घायल हो गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के आधा दर्जन से भी अधिक महिला पुरुषों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वस्थ जीवन के लिए नियमित जाँच आवश्यक : विकास अग्रवाल

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




**हापुड़।** जनपद में नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स लि0 के सामाजिक उत्तरदायित्व के वित्तीय सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट व स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा निःशुल्क रक्त जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के चीफ फाइनेंस अधिकारी विकास अग्रवाल व संदेश सचिव पूनम परिहार व दीपप्रज्वलित कर किया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए विकास अग्रवाल ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी व्यस्त जीवन में व्यक्ति अपने परिवार के जीवन व्यापन में व्यस्त रहने के कारण खुद को समय नही दे पाता है। जिसके चलते किसी ना किसी बीमारी से ग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती हैं। तथा वह व्यस्तता व आर्थिक समस्याओं के कारण अपनी शारारिक जाँच नही करा पाता जिस कारण वह किसी ना किसी बीमारी की चपेट में आ जाता हैं। आमजन की इसी समस्या को देखते हुए इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता है। संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस शिविर में लिवर, किडनी, थाइराइड, शुगर, यूरीन, विटामिन्स व हृदय रोगों को जाँच रक्त के द्वारा की गयी। नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के एच आर हेड नीरज शर्मा ने बताया कि कम्पनी के सीएसआर के अंतर्गत इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय समय पर किया जाता हैं। ओनक्यूस्ट लेबोरेट्री की टीम के द्वारा रक्त के नमूने लिए गये। इस शिविर में माता कालोनी, डूंडाहेड़ा, सैनी विहार व आसपास के गाँवो के कुल 247 महिलाओं व पुरुषों ने अपने रक्त द्वारा स्वास्थ्य की जाँच करायी इस शिविर में नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स के वित्तीय अधिकारी सचिन अनेजा संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, मधुर जैन, परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज, सुमित कुमार व रेखा आदि लोगों का सहयोग रहा।

## सार संक्षेप

### 6 दिसंबर तक मंदिरो में होगा दीपदान



**मथुरा।** शनिवार को महावन में 84 खंबा मंदिर पर श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष व्यास के सभी पदाधिकारी इकट्ठे हुए, उन्होंने वहां दीपदान करके भगवान के चरणों में प्रार्थना की कि हमारा श्री राम जन्मभूमि का मंदिर आजाद हो चुका है, उसी प्रकार हमारा श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर भी जल्द से जल्द आजाद हो जाए, इस मौके पर सैकड़ों पदाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी ने कहा कि मुगल शासको ने तलवार के दम पर हमारे श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर पर अवैध कब्जा कर लिया था ,वह हम न्यायालय के सहयोग से ,कलाम की ताकत से यह कब्जा जल्दी हटेगा। आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने कहा कि दिनेश फलाहारी बहुत बड़ी तपस्या कर रहे हैं, सभी बृजवासी इनके साथ हैं, इस मौके पर प्रदेश मंत्री डॉ मनोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष आशु दीक्षित, जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर , प्रदेश मंत्री पवन पांडे ,हरिदास बाबा ,जयराम शास्त्री ,मधुबन शास्त्री ,आनंद बल्लभ शास्त्री ,राहुल गौतम ,अनु पाठक आदि उपस्थित रहे।

### चोरी का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के वाहन व हथियार बरामद



**कांधला।** (मोहसिन रहमानी) पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए बोलोरो पिकअप गाड़ी हुई चोरी का खुलासा कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद कर कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण अमित कुमार पुत्र बीरसेन की उसके प्लांट से विगत 19 नवंबर को बोलोरो पिकअप गाड़ी चोरी हो गई थी। पीड़ित ने थाने पर अभियोग दर्ज कराया था। शनिवार को क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र के इस्सोपुरटील इंटर कॉलेज के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग में पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोकर उसमें सवार तीन लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए तीनों ने अपना नाम सलमान निवासी कैराना रईमुद्दीन निवासी सीलमपुर दिल्ली व धीरज सिंह, खुर्जा बुलंदशहर, से पूछताछ की तो तीनों बोलोरो पिकअप गाड़ी चोरी करना स्वीकार किया पुलिस में पकड़े गए चोरों के निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस और चाकू सहित अन्य सामग्री बरामद की। शनिवार को पुलिस ने पकड़े गए चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### बाजार में ट्रैक्टर ट्राली से सामान चोरी करने का प्रयास

**कांधला।** कस्बे के मेंन बाजार में ट्रैक्टर ट्राली से व्यापारियों का समान उतार रहे एक व्यक्ति का बाइक सवार चोर ने सामान चोरी कर लिया। और फरार होने लगा आसपास के लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बा निवासी फूल कुमार अपने ट्रैक्टर ट्राली से व्यापारियों का सामान भरकर, कस्बे में सप्लाई करता है। शनिवार को ट्रैक्टर ट्राली चालक कस्बे के मेंन बाजार में व्यापारियों का सामान उतारने के लिए आया हुआ था। बाइक सवार एक युवक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से समान उतार कर भागने लगा ट्रैक्टर चालक ने शोर मचा दिया तो आसपास के व्यापारियों सहित भीड़ ने मौके से बाइक सवार युवक को पकड़ लिया व्यापारी पकड़े गए युवक को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को सौंप दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने बताया कि पूर्व में भी पकड़े गए आरोपी ने कई बार चोरी की घटना को बाजार में अंजाम दिया है। व्यापारीयों ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीएचयू के छात्र रहे युवा कवि रत्नेश चंचल को मिला भारत गौरव युवा सम्मान 2025

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** हैदराबाद में आयोजित भारत गौरव सम्मान समारोह में 16 राज्यों से प्रतिभाग किये 32 लोगों को भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल रहे। राज्यसभा के सदस्य, आईएस अधिकारी, वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े व सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य से जुड़े लोगों को ये पुरस्कार दिया गया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र रहे रत्नेश चंचल जो भोजपुरी व हिंदी साहित्य में विगत 15 वर्षों से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराते आ रहे हैं। मूल रूप से बिहार के कैमूर जिला के रहने वाले रत्नेश चंचल विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लेखन व आकाशवाणी व दूरदर्शन के लिए काम करते आए हैं ।

भोजपुरी गीतकार के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले रत्नेश चंचल हिंदी काव्य मंचों पर जोरदार उपस्थिति दर्ज कराते आ रहे हैं। पहले से कई सामाजिक व साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित हो चुके युवा कवि रत्नेश को इस बार भारत गौरव युवा सम्मान के लिए चयनित किया गया था जो हैदराबाद में भारत टास्क मीडिया ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा व विशिष्ट अतिथि चिन्ना जीयर स्वामी के हाथों रत्नेश चंचल को भारत गौरव युवा सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम में देश को विभिन्न राज्यों से पधारे लोगों की उपस्थिति रही। बिहार से चयनित इकलौते रत्नेश चंचल को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि पर सुविख्यात ज्योतिषी प्रो.चंद्रमौलि उपाध्याय, बीएचयू हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो वशिष्ठ अनूप,कवि व साहित्यकार डॉ. अनिल चौबे, डॉ. अवधेश दीक्षित, बीएचयू के पूर्व छात्र नेता भुनेश्वर द्विवेदी, पत्रकार अमरेन्द्र पांडेय के साथ साथ रत्नेश के सहपाठी व बनारस के साथियों ने बधाई देते हुए इसे बीएचयू व वाराणसी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## जेठ पर बुरी नीयत से दबोचने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला ने बताया कि उसका जेठ उस पर बुरी नियत रखता है आए दिन उसके कमरे में घुसने का प्रयास करता है। और हाथापाई करता रहता है। पीड़ित महिला का आरोप है कि विगत शुक्रवार की शाम को वह अपने कमरे में अकेली बैठी हुई थी आरोप है कि तभी उसकी जेठ जबरदस्ती उसके कमरे में घुस गया और छेड़छाड़ करते हुए हाथापाई करनी शुरू कर दी। पीड़िता का शोर सराबा सुनकर मौके पर पीड़िता की सास पहुंच गई आरोप है कि आरोपी जैठ ने उसके साथ भी मारपीट की और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी जैठ के विरुद्ध नामजद तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## प्रेमिका से बात करने से नाराज होकर किशोर ने दोस्तों के साथ मिलकर किया था युवक पर जानलेवा हमला

संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह जान लेवा हमले के मामले से फरार चल रहे दो नाबालिग किशोर को चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दी।

एडीसीपी गोमती जोन वैभव बागर ने बताया कि बीते मंगलवार की रात खजुरी स्थित ब्लिकिट कंपनी में कार्य कर के वापस घर जा रहा विमौरी गांव ( मिजार्मुराद ) निवासी आलोक सिंह पटेल को उसके दोस्तों ने फोन कर के एक जगह खजुरी में सुनसान जगह बुलाया वही आलोक तीन साथियों के साथ बैठकर बातचीत करने लगा और सभी साथ में मिलकर शराब का सेवन किये उसी समय एक दोस्त द्वारा बोला गया आलोक से की मेरे प्रेमिका से क्यों बात करते हो तो आलोक बोला की है करता हूं बात इसी पर तीनों दोस्त आलोक को मारने पीटने के बाद धारदार हथियार से आलोक का गला रेतकर गम्भीर रूप से घायल कर छोड़कर भाग निकले बुधवार की सुबह गम्भीर अवस्था में आलोक खजुरी पुलिस चौकी पहुंच घटना के बाबत पुलिस को बताया पुलिस द्वारा गम्भीर रूप से घायल युवक को इलाज हेतु बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजकर भर्ती करवाया गया था वही मिजार्मुराद पुलिस ने घायल आलोक के पिता रामधारी सिंह के तहरीर पर बुधवार की देर रात एक नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई थी।

## गढी दौलत के युवक की ससुराल में संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया



**कांधला।** (मोहसिन रहमानी) ससुराल में गए थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों का आरोप है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पीट-पीट कर हत्या की गई है। शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सपुर्द ए खाक कर दिया है परिवार जनो ने पुलिस से कार्यवाई की मांग की है, पुलिस जांच मे जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी 28 वर्षीय मुस्तफा पुत्र इदरीश की शादी 11 वर्ष पूर्व बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव सिक्का इदरीशपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। परिवार जनों के अनुसार युवक विगत शुक्रवार की शाम को घर से अपनी ससुराल में कह कर गया था। देर शाम परिवार के लोगों को सूचना मिली कि युवक बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की नहर पटरी पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जानकारी मिलने पर युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस की मदद से युवक को बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेरठ अस्पताल ले जाते समय घायल युवक की मौत हो गई और उसने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। शनिवार सवेरे शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

# मोहनलालगंज तहसील में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोहनलालगंज।** लखनऊ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे एसआई (स्पेशल समरी रिवीजन) कार्य में मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के बूथ संख्या 175 ने निर्धारित समय सीमा से पहले शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर मिसाल पेश की है। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बूथ लेवल ऑफिसर विनीत कुमार मिश्रा को तहसील स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल तथा बीडीओ मोहनलालगंज आशुतोष श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बीएलओ विनीत कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र और दो मूवी टिकट देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने इस उपलब्धि को निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता, ईमानदारी और समयबद्धता का बेहतरीन उदाहरण बताया।अधिकारियों ने बताया कि मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में करीब 40 बीएलओ ने अत्यंत सुचिता के साथ एसआईआर कार्य को पूर्ण किया है। उन्होंने सभी बीएलओ द्वारा समय पर ऑनलाइन फीडिंग किए जाने को निर्वाचन तैयारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। समय से पूर्व कार्य सम्पन्न होने से आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली है इस मौके पर एसडीएम पवन पटेल और बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने विनीत कुमार मिश्रा के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और पारदर्शिता अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जिम्मेदारी और तत्परता के साथ निर्वाचन कार्यों का निर्वहन किया जाएगा कार्यक्रम में तहसील प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सडक हादसे में मौत 3 गंभीर घायल

**बुगरासी।** शुक्रवार की रात को बुगरासी भगवानपुर मार्ग पर रूखी भट्टे के पास सीमेंट की ईंटों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे टांडा कोटी थाना असमोली जिला संभल निवासी जाहिद पुत्र शराफत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही चौकी बुगरासी पुलिस मौके पर पहुंच गई। जाहिद का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये बुलंदशहर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। जबकि घायलों को उनके परिजन अपने साथ लेकर चले गये और वही सभी का अस्पताल में ले जाकर इलाज के लिये भर्ती करा दिया हैं। जानकारी के अनुसार जाहिद पुत्र शराफत अपने साथियों उस्मान पुत्र छिददा रिजवान पुत्र छिददा व नजरूल पुत्र सलामतुल्लाह अमरगढ से टैक्टर ट्राली में सीमेंट की ईंटों को भरकर दौलतपुर बुगरासी होते हुए अपने गांव टाडा कोटी थाना असमोली जिला संभल जा रहे थे जैसे ही बुगरासी भगवानपुर मार्ग पर रूखी भट्टे के पास पहुचे तो टैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और जाहिद पुत्र शराफत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नजरूल उस्मान व रिजवान घायल हो गये।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, गंभीर हालत में मेरठ रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला।** (मोहसिन रहमानी) थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित आल्दी बस स्टैंड के समीप कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। जनपद मुजफ्फरनगर निवासी अंकित बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से पानीपत गया हुआ था। और शुक्रवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग आल्दी बस अड्डे के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से जा रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार घायल होकर जमीन पर जा गिरा। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। कार चालक हदसे को अजाम देकर फरार हो गया।

# पूर्व विधायक ने प्राथमिक विद्यालय को भेंट किया स्मार्ट बोर्ड

वेलकम इंडिया



**कांधला।** (मोहसिन रहमानी) खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक व गांव गढ़ी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के द्वारा छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरण करने के साथ ही गांव गढ़ी श्याम के विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड दान किया गया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे।

पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। वह जनपद भर में घूम कर प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे। गरीब बच्चों को सर्दी के मौसम में जर्सी वितरण के साथ ही किताबों का वितरण व स्मार्ट बोर्ड दान कर रहे हैं।

शनिवार को पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे, जहां पर उनका विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय तोमर व विद्यालय स्टाफ के द्वारा भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट करने के साथ ही उन्हें शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए लगभग डेढ़ लाख रुपए की कीमत का स्मार्ट बोर्ड दान किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट बोर्ड में छात्र-छात्राओं को इंटरनेट सहित कई प्रकार की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य गरीब तबके के लोगों को अच्छी शिक्षा दिलाना है। वह गांव दर गांव जाकर गरीब लोगों को उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए लगातार जागरुक कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के गांव गंगेरू में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर रहे दो सौ पचास छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की।

इस दौरान प्राथमिक विद्यालय गढ़ी श्याम के प्रधानाचार्य अजय तोमर, अजय मलिक, ओमवीर सिंह, जावेद जंग, दिनकर चौहान, विपुल शर्मा, अंजना सिंह, राखी, बनिता सहित आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने जिलाध्यक्ष भाजपा नीतू सिंह , विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी , विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की उपस्थित में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक डाक बंगला में सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था सहित स्वास्थ्य, शिक्षा व कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन के संबंध में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योनजाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद को साफ-सुथरा, विकासशील एवं सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से ही जनपद का विकास होगा।

मा0 मंत्री जी ने कहा कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुसार जनपद में चल रहे निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर) अभियान में प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाती रहे तथा निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से एसआईआर कार्य को संपन्न कराया जाए।

मा0 मंत्री जी कहा कि हम सभी का उद्देश्य जनपद संत कबीर नगर का सर्वांगीण विकास, भ्रष्टाचार मुक्त कार्य के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराना एवं नियमानुसार पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। किसी भी स्तर पर उन्हें भ्रमित न करते हुए पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले माताओं, बहनों सहित सभी फरियादियों की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए उसका फीड बैक भी लिया जाए। उन्होंने प्रशासन से महिलाओं, बेटियों का सम्मान, सुरक्षा एवं स्वालम्बन तथा गरीबों एवं वंचितों को लाभ एवं न्याय दिलाये जाने की अपेक्षा व्यक्त किया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक विजयंत सिंह, अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम प्रवीण कुमार शुक्ल, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नगरायुक्त ने घर-घर जाकर ली एसआईआर फार्म भरने की जानकारी

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज अनेक केंद्रों का भ्रमण कर बीएलओ से वार्ता की और एसआईआर फार्म जमा होने की जानकारी ली तथा उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनेक मतदाताओं के घरों पर पहुंचकर भी लोगों से एसआईआर फार्म भरने की जानकारी ली। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी 70 वार्डों में यह जानकारी देते हुए माइक से एनाउंस कराये कि उनके क्षेत्र के बीएलओ किस स्थान या मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर फार्म जमा कर रहे हैं।

उन्होंने समय कम रह जाने के कारण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने व्यक्तिगत रुप से अनेक मतदाताओं के घरों पर जाकर एसआईआर फार्म जमा करने के बारे में जानकारी ली। पुरानी मण्डी क्षेत्र के एक केंद्र पर बीएलओ ने नगरायुक्त को बताया कि उनके बूथ पर 936 मतदाता हैं जिनमें से 665 के एसआईआर फार्म जमा हो चुके हैं। जबकि 85 व्यक्ति ऐसे पाये गए जिनकी या तो मृत्यु हो चुकी है या वे अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन एसआईआर में आयोग के निदेर्शों अनुसार ही कार्यवाही संपादित की जाए एवं किसी भी दशा में इसका उल्लंघन न हो। नगरायुक्त ने शहर के सभी लोगों से अपील की है कि वे प्राथमिकता के साथ अपने एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को जमा कराएं। यदि कहीं कोई समस्या आ रही है तो चुनाव कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 9454418078 पर संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

इसके अलावा निर्वाचन आयोग के वेबसाइट लिंक पर जाकर भी एसआईआर के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

# आवास विकास में भवन निरस्तीकरण के लिए भेज रहे आवेदन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर नजीबाबाद** । उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से नजीबाबाद में सामान्य, दुर्बल आय व अल्प आय वर्ग के भवन व एवं भूखण्ड का आवंटन किया है। जिस लोगों को आवंटन के लिये पत्र भेजे गये हैं उनमें से अधिकांश लोग भवन के निरस्तीकरण के लिये अपना आवेदन भेज रहे हैं। उनका आरोप है कि सन 2020 में भवन आवंटन के लिये सूची में उनका नाम चयनित करके सूचित किया गय था। उस समय दी गई जानकारी के अनुसार 29/60 एवं 18/ 40 दो कैटेगरी मे आवंटन किये गये जिसमें 29/60 भवन के लिये लगभग 18 लाख व 18/ 40 भवन का मूल्य लगभग नौ लाख रुपए बताया गया था। इसके अलावा अन्य जानकारी नहीं दी गई। अब आवंटन की सूचना के साथ दी गई जानकारी इसके बिल्कुल विपरीत हैं। 29/60 के लिये 21 लाख एवं 18/ 40 के लिये लगभग 12 हजार रुपए कीमत है और किस्तों के साथ ब्याज अलग से है। आवंटी खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। नजीबाबाद के भूपेन्द्र सिंह रंजन, पुनीत गोयल, लोकेंद्र सिंह रंजन, राजेन्द्र सिंह, हेमंत अग्रवाल, संजीव कौशिक, राधेश्याम, गीता देवी, गीता देवी एवं अवधेश शर्मा सहित अन्य दर्जनों लोगों ने भवन के निरस्तीकरण करके उनकी जमा धन राशि को ब्याज सहित वापस किये जाने की मांग की है। जबकि परिषद की ओर से अपूर्ण भवनों के लिये किस्तें नवम्बर माह की एक तारीख से शुरू करने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया। बिजली पानी की भी व्यवस्था नहीं हैं। शौचालय भी नहीं बनाया गया है। कोट आवेदन के समय ही लिखित में जानकारी उपलब्ध कराई गई थी कि परिषद की ओर से जो भवन सौंपा जायेगा वह सेमी फिनिश्ड होगा। खिड़की दरवाजे, बिजली पानी के कनेक्शन और शौचालय का निर्माण आवंटी को स्वयं कराने होंगे। जहां तक लोगो की समस्या की बात है उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दी जायेगी- चन्द्रशेखर भट्ट, सम्पत्ति प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, रामपुर मुरादाबाद।

# चोरी के वाहन खरीदने व उसके कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 सुरेन्द्र प्रसाद, उ0नि0 श्री अभय कुमार पाण्डेय, हे0का0 भरत यादव, का0 अरविन्द गौड ने

शनिवार को चोरी के वाहन खरीदने व उसके कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में अभियुक्त मुस्ताक अहमद पुत्र सरवर अली निवासी सुकरौली थाना दुधारा को ग्राम सभा दुधारा अस्पताल तिराहा रोड के पास से एक अदद चोरी के चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 414/25 धारा 317(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताया कि मैने गाड़ी चोरी की लखनऊ से एक व्यक्ति से खरीदा था, चोरी की गाड़ी पकड़ी न जाये इसके लिए मै गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, चेचिस नम्बर कूटरचित तरीके तैयार कर चला रहा था ।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध स्थानीय थाना में मु0अ0स0 1555/2017 धारा 323,494,504,506 भादवि0 थाना दुधारा, मु0अ0स0 208/2021 धारा 365 भादवि थाना दुधारा, मु0अ0स0 199/2025 धारा 316(2) बीएनएस थाना दुधारा, मु0अ0सं0 414/25 धारा317(2)/319(2)/318(4)/ 338/336(3)/ 340(2) बीएनएस थाना दुधारा दर्ज है।

# क्राइस्ट द किंग इंटर कॉलेज के वार्षिक खेल दिवस में प्रतिभा का धमाकेदार प्रदर्शन, मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप हुए मंत्रमुग्ध

**वेलकम इंडिया**




**अमेठी।** जगदीशपुर स्थित क्राइस्ट द किंग इंटर कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित भव्य वार्षिक खेल दिवस में विद्यार्थियों ने अनुशासन, ऊर्जा और उत्कृष्ट प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके बाद पूरा परिसर तालियों और उत्साह की गूंज में डूब गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंट जोसेफ कॉलेज प्रयागराज के प्रिंसिपल रेव. फादर वॉल्टर डीह्णसिल्वा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे रेव. मॉन्सिन्योर रेजिनाल्ड पॉल डीह्णसूजा ने विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम स्पिरिट और चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देने पर जोर दिया।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र कुमार कश्यप ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षित और अनुशासित पीढ़ी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए विद्यार्थियों से ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने विद्यालय के प्रिंसिपल मनोज डीह्णसिल्वा के नेतृत्व की सराहना की और विद्यालय को शिक्षा, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट केंद्र बताया।

जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट, दौड़ प्रतियोगिताओं, जिम्नास्टिक्स, योग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्गों में विजेताओं को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अतिथि मंच पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यज्ञ सैनी, ऋषि चौरसिया, रमाशंकर राजपूत, विजय गुप्ता, अनिल वर्मा, विवेक बाजपेई, राहुल सिंह एवं अविनाश मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट समन्वय से कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं आकर्षक रहा। दर्शकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर प्रत्येक प्रस्तुति का स्वागत किया।

समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी विशिष्ट अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा खेल दिवस को आगे और उच्च स्तर पर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# सगे भाइयों के साथ मारपीट करने वाले आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर मडावर।** दूध बेचने गए दो सगे भाइयों के साथ मारपीट करने वाले आरोपित के खिलाफ मडावर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को प्रभात कुमार पुत्र दिनेश गांव देवीदासवाला निवासी ने मंडावर थाने में तहरीर देते हुए बताया की गुरुवार की सुबह मेरा भाई विवेक कुमार दूध बेचने के लिए दयालवाला गांव में गया हुआ था। तभी वहां टीकम पुत्र हरिराम गांव दयालवाला निवासी से मेरे भाई विवेक की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। और सुचना पर में भी मौके पर पहुंच गया, तो टीकम सिंह व उसके परिवार वालों ने हम दोनों भाइयों के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। और जान से मारने की धमकी दी और हम दोनों भाइयों के गंभीर चोटे आई,जिसका इलाज निजी चिकित्सा के यहां चल रहा है। वही मंडावर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगर आयुक्त ने वरूणापार जोन के विभिन्न क्षेत्रों में किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा शनिवार को वरुणापार जोन के वार्ड सिकरौल के गोविंद नगर कॉलोनी, सिकरौल यादव बस्ती होते हुए सनबीम वरुणा के मुख्य मार्गो के साफ सफाई के साथ ही सिकरौल शेल्टर होम का निरीक्षण किया गया` नगर आयुक्त द्वारा इन क्षेत्रों में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया तथा बेहतर सफाई व्यवस्था करने के लिये निर्देश दिए गऐ सनबीम वरुणा के पास नगर निगम की रिक्त भूमि पर बारात घर बनवाये जाने हेतु क्षेत्रीय नागरिकों के द्वारा अनुरोध किया गया जिस पर नगर आयुक्त द्वारा उक्त भूमि की पैमाइश कर बारात घर बनाये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये` नगर आयुक्त ने निरीक्षण के समय इस क्षेत्र में चल रहे गली के इंटरलाकिंग कार्य का निरीक्षण किया गया` निरीक्षण में पाया गया कि कार्य मानक के अनुरूप नही किया जा रहा है जिसपर क्षेत्रीय अवर अभियन्ता ज्ञानचंद पर नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण देने हेतु निर्देशित किया गया `नगर आयुक्त द्वारा विस्तृत निरीक्षण में कचरा प्रबंधन, अतिक्रमण,स्ट्रीट लाइट, शौचालय,नाला सफाई, पेयजल, तालाब, कुएं आदि कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक साफ सफाई,मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी वरुणापार जितेन्द्र कुमार आनंद, अवर अभियंता,सिविल,अवर अभियंता, मार्ग प्रकाश,अवर अभियंता,जलकल मौके पर उपस्थित थे।

# आगामी महापंचायत में प्रमुख मुद्दे के रूप में रखा जाएगा

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने स्पष्ट कर दिया है कि एसपी ग्रामीण द्वारा रात्रि में पुलिस फोर्स लेकर किसानों का टेंट उखाड़ने, किसानों से बदतमीजी करने और बेटी कनक के परिवार पर दबाव बनाने जैसे गंभीर मामलों को आगामी महापंचायत में प्रमुख मुद्दे के रूप में रखा जाएगा। संगठन ने कहा कि अब इस पूरे प्रकरण का जवाब जिले की जनता के सामने लिया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के रवैये को सुधरवाया जाएगा। मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार एवं जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनकड ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान के निर्देश पर बिजनौर कैंप कार्यालय में देर शाम आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में पुलिस द्वारा किसानों पर की गई कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए कड़ा विरोध जताया गया।भाकियू पदाधिकारी शुक्रवार को ग्राम झलरी भी पहुंचे, जहां उन्होंने बेटी कनक के पिता संजीव कुमार और ग्रामीणों से मुलाकात की।

# नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने तालाब सौंदर्यीकरण परियोजना को सराहा



**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** सहारनपुर के गंगोह रोड पर श्री जाहरवीर गोगा म्हाड़ी तीर्थस्थल पर सहारनपुर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत निर्मित ह्णम्हाड़ी का तालाब सौंदर्यीकरण परियोजनाह्न का नोएडा प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण की टीम को महाप्रबंधक सिविल दिनेश सिंघल द्वारा परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि तालाब के पुनर्जीवन, जल संरक्षण, तट क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, पथमार्ग निर्माण, हरियाली विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु सरोवर पर व्यापक कार्य किए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सहारनपुर स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी परियोजनाएँ शहरी जल संरक्षण, प्राकृतिक सौंदर्य एवं पर्यावरण सुधार के उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

निरीक्षण में नोएडा प्राधिकरण से महाप्रबंधक, सिविल ए.के. अरोड़ा, निदेशक उद्यान विभाग आनंद मोहन सिंह के अलावा सहारनपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक सिविल दिनेश कुमार , परियोजना प्रबंधक जितेन्द्र सिंह तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण शामिल रहे।

# काशी तमिल संगमम 4.0 के लिए वाराणसी तैयार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**





**वाराणसी।** काशी और तमिलनाडु के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने वाले काशी तमिल संगमम 4.0 के आयोजन को लेकर वाराणसी पूरी तरह तैयार है शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) और आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी शैक्षणिक साझेदार हैं दोनों संस्थान 2 से 15 दिसंबर 2025 के बीच सात विशिष्ट समूहों के लिए विषय आधारित शैक्षणिक सत्रों की श्रृंखला संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे` शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीएचयू के कुलपति प्रो.अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि काशी तमिल संगमम की शुरूआत से ही बीएचयू इसकी प्रमुख साझेदार संस्था रहा है उन्होंने बताया कि बीएचयू और आईआईटी (बीएचयू) ने अतिथियों को काशी की विद्यानिष्ठ और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं ` परिसर भ्रमण,संग्रहालय,पुस्तकालय,शोध प्रयोगशालाएँ और शैक्षणिक संसाधन इन अनुभवों का हिस्सा होंगे कुलपति ने कहा कि काशी ज्ञान और चिंतन की प्राचीन भूमि है और यह आयोजन ज्ञान- साझाकरण का अनूठा अवसर प्रदान करेगा

आईआईटी (बीएचयू) के निदेशक प्रो.अमित पात्रा ने कहा कि ह्यकर्पोम तमिलह्ण विषय के साथ आयोजित इस संगमम का उद्देश्य तमिल सीखने को सांस्कृतिक संवाद का माध्यम बनाना है उन्होंने बताया कि एआई,मशीन लर्निंग और कम्प्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स के कारण भाषा-शिक्षण अब अधिक समावेशी और सुलभ हो गया है जिससे इस आयोजन का प्रभाव और व्यापक होगा `कार्यक्रम के अंतर्गत सात समूहों विद्यार्थी,शिक्षक,लेखक मीडिया,कृषि विशेषज्ञ, पेशेवर एवं कारीगर,महिलाएँ और आध्यात्मिक प्रतिनिधि पर केंद्रित शैक्षणिक सत्र आयोजित किए जाएंगे ये सत्र क्रमशः महाकवि सुब्रमण्यम भारती की विरासत, काशी-तमिलनाडु की आध्यात्मिक परंपराएँ,साहित्य और पत्रकारिता,सतत खाद्य प्रणाली,काशी कांचीपुरम संबंध,महिला समृद्धि और ह्यदिव्य सूत्रह्ण विषयों पर आधारित होंगे `नमी घाट पर बीएचयू और आईआईटी (बीएचयू) अपनी शैक्षणिक और तकनीकी उत्कृष्टता को दशार्ने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी लगाएंगे` बीएचयू का स्टॉल बहु विषयक शिक्षा,शोध,दृश्य एवं प्रदर्शन कलाओं और भारत कला भवन की विशेष प्रस्तुति से सुसज्जित होगा जबकि आईआईटी (बीएचयू) अत्याधुनिक अनुसंधान,नवाचार और तकनीकी उपलब्धियों को पाँच विषयगत पोस्टरों और तीन वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित करेगा।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के वाराणसी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का 25वां स्थापना दिवस समारोह वाराणसी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चौकाघाट स्थित पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गयो इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में जिस प्रकार से एनडीए गठबंधन ने बहुमत हासिल की उसमें लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिला।

आगामी 2027 मे उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी एनडीए गठबंधन भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही हैं` महानगर अध्यक्ष आयुष पांडेय ने कहा की वाराणसी में जिलाध्यक्ष मनोज सिंह के नेतृत्व में निरंतर सदस्यता अभियान चलाई जा रही है जिसमें बहुत बड़ी संख्या में लोग तेजी से जुड़े रहे हैं` कार्यक्रम में दर्जनों नए सदस्यों को पार्टी में जोड़कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष रिंपी सिंह,महानगर अध्यक्ष आयुष पांडे,जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता,सौरभ श्रीवास्तव,जिला प्रधान महासचिव ?रीतेश पासी,हितेश सोनकर,संतोष निगम,विनय कुमार सिंह, यशवंत यादव,आशीष यादव, रोहित विश्वकर्मा,प्रियंका देवी,राहुल राज,अरविंद तिवारी, राकेश उपाध्याय,मनोज सिन्हा,ग्रिजेश शर्मा, अनिल जायसवाल,रमेश गौड,शुभम पाराशर,रेखा देवी आदि सैकड़ो कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में श्री श्याम मित्र मंडल मेरठ महानगर के युवा वैश्य मंच द्वारा आयोजित रामायण ज्ञान प्रतियोगिता 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक की प्रेरणा, प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी के दूरदर्शी मार्गदर्शन, तथा विद्यालय परिवार के सहयोगी स्तंभ गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी के सतत सहयोग से अत्यंत गरिमामय वातावरण में प्रारम्भ हुआ। इनके मार्गदर्शन एवं समर्थन ने पूरे आयोजन में ऊर्जा, अनुशासन और सांस्कृतिक समृद्धि का सुंदर संचार किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराने हेतु प्रदीप गोयल मुख्य आयोजक के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मनोज ठाकुर तथा राजेन्द्र गोयल ने सहायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समर्पित प्रयासों से कार्यक्रम सुचारू और प्रभावी रूप से सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर रामायण ज्ञान, नैतिक मूल्यों, एवं भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी समझ और रुचि का अनुकरणीय प्रदर्शन किया।

यह प्रतियोगिता बच्चों में न केवल पौराणिक साहित्य के प्रति जिज्ञासा जगाने में सफल रही, बल्कि उन्हें आदर्श जीवन-मूल्यों को आत्मसात करने का प्रेरणादायी अवसर भी प्रदान किया। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने आयोजन से जुड़े सभी सम्मानित संयोजकगण सम्मानित सदस्यों, अध्यापकझअध्यापिकाओं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने आए प्रदीप गोयल, मनोज ठाकुर, एवं राजेन्द्र गोयल का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

# सपा की एसआईआर महाअभियान को लेकर सक्रियता हुई तेज



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया ने अपनी टीम के साथ मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान वे ग्राम मानकी, ग्राम त्योड़ी ( 13 बिस्सा व 7 बिस्सा ) सहित कई अन्य क्षेत्रों में पहुँचे और सभी बीएलओ से संवाद स्थापित किया। उन्होंने एसआईआर महाअभियान को गति देने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की।मथुरिया ने ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर आग्रह किया कि सभी पात्र लोग अपना फॉर्म शीघ्र भरकर जमा करें, ताकि अभियान को समयबद्ध और सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। सभी पदाधिकारियों ने गांव-गांव जाकर व्यापक जनसंपर्क करने तथा अभियान को और तेजी से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णा रुहेला, बल्लू सीकरी, फिरोज राजपूत, राजेश जाटव, बॉबी सैन सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उज्जवल भारत पब्लिक में नॉन फायर कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उज्जवल भारत पब्लिक स्कूल, सीकरी कलां, मोदीनगर में नॉन फायर कुकिंग काम्पीटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारो हाऊसेस, भगत हाऊस विस्मिल हाऊस, आजाद हाऊस. सुभाष हाऊस के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बिना अग्नि प्रयोग किये बहुत सारे लजीज व्यंजन तैयार कर सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाकर परोसे। बच्चों ने सलाद सैंडविच भेलपूरी, फ्रूट सलाद, स्प्राउट सलाद, ब्रेड रोल्स, बिस्किट केक, कोकोनट लड्डू आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर सबको आश्चर्य व्यकित कर दिया। सर्वश्रेष्ठ बच्चों में प्रशांत, माही, आव्या, नंदिनी, शिवम, विनीत, अंशुल, मयंक, शोहेब, जिया, अक्षित्र, निशिका रहें।. प्रशांत, भाव्या, धानाचार्या श्रीमती मोनिका शर्मा ने विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया तथा इस आयोजन में अमला अग्रणी भूमिका निभाने वाली शिक्षिकाओं मंजू सिंह, हेमलता यादव, रेणु सिंह, प्रियंका त्यागी आदि की भूरि भूरि प्रशंशा कर उनको धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ने विवादित बयान पर कार्रवाई किए जाने की मांग की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के पदाधिकारियों ने विवादित बयान को लेकर डीसीपी को एक ज्ञापन देकर आई. ए. एस. संतोष वर्मा के विरुद्ध एफ.आई.आर दर्ज कर कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश भोपाल में पूर्व आई. ए. एस संतोष वर्मा ने वहुत ही घृणित, अपमान जनक और विघटन कारी व्यान दिया है। वर्मा ने अपने व्यान में आरक्षण तब तक जारी रखने की बात कही है, जब तक ब्राह्मण अपनी बेटियों का विवाह उनके बेटे से न कर दें। जिसे पढ़कर ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है, ऐसे विघटनकारी मानसिकता पर अंकुश लगाना समाज और प्रशासन का परम कर्तव्य है। पत्र के माध्यम से पदाधिकारी ने मांग की है कि संतोष वर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही कि जाये।जिससे भविष्य में कोई भी नौकरशाह या नेता इस तरह कि अभद्र भाषा का प्रयोग सार्वजनिक रूप से न कर सके। इस मौके पर पुरूषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक सत्येंद्र गौतम सुनील शर्मा चांद वीर सुरेश शर्मा मनोज शर्मा रामकिशन शर्मा अनिल सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रताप विहार में 23 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कमरे में मिला लटका हुआ शव

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार सेक्टर–11 में शुक्रवार देर रात एक 23 वर्षीय युवती का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान पूनम के रूप में हुई है, जो मूल रूप से फरीदाबाद के कल्याणपुरी की रहने वाली थी और प्रताप विहार में किराए के कमरे में रहकर नोएडा की एक निजी कंपनी में काम करती थी। घटना की जानकारी तब हुई जब प्रताप विहार निवासी मकान मालिक लोकेश चोपड़ा ने रात करीब 10 बजे पुलिस को फोन कर बताया कि उनके यहां किराए पर रहने वाली युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, कमरे की बारीकी से जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार, शुरूआती जांच में घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे मौत के कारणों पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस युवती के फोन, सोशल मीडिया और निजी दायरे की गतिविधियों की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवती कुछ समय पहले ही यहां रहने आई थी और शांत स्वभाव की थी। फिलहाल पुलिस मामले को गंभीरता से जांच रही है और उसके परिवार को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की स्थिति और स्पष्ट होने की संभावना है।

## 10 दिसंबर तक श्रमिकों को कराना होगा पंजीकरण नवीनीकरण, नहीं तो निष्क्रिय सूची में जाएगा नाम

**गाजियाबाद।** जिले के लाखों श्रमिकों के लिए बड़ी खबर है। श्रम विभाग ने साफ कर दिया है कि जिन श्रमिकों ने पिछले चार वर्षों से अपना पंजीकरण नवीनीकृत नहीं कराया है, उन्हें 10 दिसंबर तक हर हाल में पंजीकरण अपडेट कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर नवीनीकरण न कराने वाले श्रमिकों के नाम सीधे निष्क्रिय सूची में डाल दिए जाएंगे, जिसके बाद उन्हें किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने बताया कि सरकार द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तभी दिया जा सकता है, जब उनका पंजीकरण समय–समय पर अपडेट हो। कई श्रमिक ऐसे हैं जिन्होंने पिछले चार साल से अपना विवरण अपडेट नहीं कराया है, जबकि नियमों के अनुसार पंजीकरण का नवीनीकरण समय–सीमा पर होना जरूरी है। अधिकारी ने बताया कि जनपद में दो लाख 92 हजार 141 श्रमिक ऐसे हैं जिन्हें तत्काल प्रभाव से पंजीकरण का नवीनीकरण कराना है। विभाग ने इस संबंध में जागरूकता अभियान भी शुरू किया है ताकि अधिक से अधिक श्रमिक समयसीमा से पहले अपना पंजीकरण अपडेट करा सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। श्रम विभाग का कहना है कि श्रमिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से नवीनीकरण की व्यवस्था उपलब्ध है। विभाग ने चेतावनी दी है कि 10 दिसंबर के बाद किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और जिन श्रमिकों ने नवीनीकरण नहीं कराया उनके नाम स्वत: निष्क्रिय कर दिए जाएंगे।

## मुख्य डाकघर में अब चौबीसों घंटे स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग, कामकाजी लोगों को बड़ी राहत

**गाजियाबाद।** शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। नवयुग मार्केट स्थित मुख्य डाकघर अब आधुनिक सुविधाओं के साथ चौबीसों घंटे सेवा देने की तैयारी में है। अगले सप्ताह से यहां 24 घंटे स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी। नए प्रावधानों के बाद हजारों ग्राहकों, विशेषकर नौकरीपेशा और व्यवसायिक वर्ग को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्य डाकघर में रोजाना बड़ी संख्या में स्पीड पोस्ट और पार्सल की बुकिंग होती है। लेकिन कामकाजी लोगों के लिए कार्यालयीन समय में डाकघर पहुंचना अक्सर मुश्किल होता है। वर्किंग डे और वर्किंग आवर में बढ़ती भीड़, सर्वर की धीमी गति और समय की कमी के कारण कई लोग तय समय पर अपना काम नहीं करा पाते। यह समस्या लंबे समय से ग्राहकों के लिए परेशानी बनी हुई थी। इस स्थिति को देखते हुए डाक विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुकिंग सेवा को 24म7 करने का फैसला लिया है।

# डी .जी .आर स्कूल में अस्मिता खेलो इंडिया विमेन शूटिंग बॉल लीग का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डी.जी.आर. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पतला मोदीनगर में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया विमेन शूटिंग बॉल लीग में अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान डी.जी.आर. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान जे.डी.एस. अकादमी गाज़ियाबाद तथा तृतीय स्थान भागीरथी पब्लिक स्कूल गाज़ियाबाद ने प्राप्त किया। बड़ी संख्या में आई टीमों के बीच इन तीनों विद्यालयों का शीर्ष स्थान तक पहुँचना विद्यालयों एवं खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय रहा।इस आयोजन की मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिवाच विधायक मोदीनगर रहीं। जिन्होंने बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रविन्द्र तोमर अस्मिता खेलो इंडिया फेडरेशन) अतुल तोमर (सह सचिव अस्मिता खेलो इंडिया फेडरेशन) रामपाल चौधरी (अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल गाज़ियाबाद) योगेन्द्र चौधरी (सचिव राष्ट्रीय लोकदल गाज़ियाबाद) अजय पाल (प्रमुख शूटिंग बॉल एसोसिएशन) पूरे टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट प्लेयर विद्या और अंजलि चुनी गईं।विजेता टीम को सफलता दिलाने में कोच अतुल शिवाच का योगदान उल्लेखनीय रहा।इस सम्पूर्ण आयोजन का सफल संचालन एवं निर्देशन विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी तथा चेयरमैन गुलबीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सहयोगी रूप में योगदान देने वालों में गुड्डू गुप्ता, कपिल कुमार, ईशांत शर्मा, पूनम, नीरज, दिव्या तथा रेनू पाल शामिल रहे।जबकि अविष, नमन, लविष, वैभव एवं लक्ष्य ने वालंटियर के रूप में उत्साहपूर्वक दायित्व निभाए।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमति अनीशा गांधी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।प्रतियोगिता में कक्षा तीन से नौ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया गया कक्षा 3-4 (प्रथम वर्ग), कक्षा 5-6 (द्वितीय वर्ग) और कक्षा 7-9 (तृतीय वर्ग) । सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रभावशाली वाणी, उत्कृष्ट अभिव्यक्ति और बेहतरीन प्रस्तुति कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। हर प्रतिभागी ने प्रसिद्ध व्यक्तित्वों के भाषणों को जीवंत करते हुए मंच पर दमदार उपस्थिति के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि सार्थक अभिव्यक्ति ही व्यक्तित्व का दर्पण है, और हमारे विद्यार्थी भविष्य के नेतृत्वकर्ता बनने की क्षमता रखते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपनी प्रेरणादायी बातों में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को मंच प्रदान कर उनकी आवाज को सशक्त बनाना है। आज के प्रतिभागियों ने जिस निपुणता और तैयारी के साथ अपने भाषण प्रस्तुत किए, वह डीपीएस मोदीनगर की शैक्षिक गुणवत्ता का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हेडमास्टर श्री अंकित गालयान के प्रेरक समाप्ति ज्ञापन के साथ हुआ।

# अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ब्राह्मण समाज के खिलाफ एक आईएएस अधिकारी द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने कोतवाली पर प्रदर्शन किया और आईएएस अधिकारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा के आह्वान पर ब्राह्मण समाज के लोग कोतवाली पर पहुंचे और एक आईएएस अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सुनील शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश में आयोजित एक कार्यक्रम में आइएएस अधिकारी ने ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की। टिप्पणी का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस टिप्पणी से समाज में गुस्सा है। पदाधिकारियों ने एसएचओ ने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज किया जाए। जिससे कोई फिर से इस तरह की हरकत ना कर सके। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने उनकी बात सुनी और उच्चाधिकारियों तक उनकी पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्रवाई नहीं होने पर लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

गणना प्रपत्र समय पर जमा करने और डिजिटलीकरण कार्य में पूर्ण सहयोग की आवश्यकता

# हर मतदाता का नाम सूची में सुरक्षित रहे- डीएम की अपील

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य की प्रगति और इसे शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए मीडिया से विस्तृत बैठक की। इस दौरान उन्होंने मीडिया बन्धुओं से फीडबैक लिया और जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने गणना प्रपत्र को समय पर भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को जमा कराएँ। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ 30 नवंबर को अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहेंगे, जहां फॉर्म लेकर जाने और जमा करने का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटना या कटना स्वीकार्य नहीं है और इसके लिए सभी को सामूहिक रूप से सहयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में निर्वाचकों से प्राप्त गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण कार्य लगातार चल रहा है और समय पर फॉर्म जमा होने से यह कार्य भी समय पर पूरा होगा। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनपदवासियों से आग्रह किया कि वे अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें और उन्हें गणना प्रपत्र भरवाने और जमा कराने में मदद करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उन बीएलओ और कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भी सम्मानित किया जो तेजी से कार्य कर रहे हैं। प्रथम पुरस्कार पूजा रानी को दिया गया, उन्हें 10,000 का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त शालिनी अग्रवाल, पूनम शर्मा, अनुष्का चौधरी, विपिन कुमार गौड़, शिवलली, प्रतीक्षा अग्रवाल, ममता सिंह और शीतल चौधरी को 5,000-5,000 का प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया गया। इन सभी बीएलओ की सुपरवाइजर रेनू शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। सिटी मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि इन विजेता कर्मचारियों को जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार 5-स्टार या 7-स्टार होटल में दो दिन का परिवारिक पैकेज भी दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद में एसआईआर की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद की पांचों विधानसभाओं में कुल 3,089 बीएलओ और धौलाना क्षेत्र में 135 बीएलओ तैनात हैं। 29 नवंबर की सुबह 10 बजे तक कुल कार्य प्रगति 36.87 प्रतिशत रही। विधानसभावार कार्य की प्रगति में लोनी में 38.22 प्रतिशत, मुरादनगर में 43.74 प्रतिशत, साहिबाबाद में 27.39 प्रतिशत, सदर में 38.36 प्रतिशत और मोदीनगर में 52.68 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र नहीं मिला है, उसके मुख्य कारण हो सकते हैं कि उनके द्वारा आवास बदला गया हो या उनके मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) पर पुराना या गलत पता अंकित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मतदाता अपने गणना प्रपत्र को तहसील स्थित वीआरसी केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य के बयान से मचा विवाद नारी समाज का किया अपमानः बीके शर्मा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा पत्नी को लेकर दिए गए बयान ने व्यापक विवाद को जन्म दे दिया है। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने इस बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के मूल्यों के भी विरुद्ध है। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में रामभद्राचार्य ने 'वाइफ शब्द का अर्थ वंडरफुल इंस्ट्रूमेंट फॉर इंजॉय बताकर पत्नी को महज एक आनंद की वस्तु बताने का प्रयास किया है, जो किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह परिभाषा उन भारतीय महिलाओं का उपहास है, जिनके मां स्वरूप को आदर देने के लिए स्वयं ईश्वर को भी मानव अवतार लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में 'पत्नी केवल सुख या हनीमून का माध्यम नहीं, बल्कि पति की सहभागी, मार्गदर्शक, सहजीवन की आधारशिला और अग्नि के समक्ष लिए गए वचनों की साक्षी होती है। हमारे यहां पत्नी वह शक्ति मानी जाती है, जो सावित्री बनकर यमराज से भी अपने पति के प्राण वापस लेने का सामर्थ्य रखती है। शर्मा हनुमान ने कहा कि संतों से समाज हमेशा मयार्दा, आदर्श और विवेक की अपेक्षा करता है। ऐसे में किसी संत द्वारा पत्नी को लेकर अनुचित व असंवेदनशील व्याख्या देना न केवल नारी सम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि संत परंपरा की गरिमा को भी आहत करता है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति में जीवनसाथी के संबंध प्रेम, विश्वास, सहयोग, त्याग और समानता पर आधारित होते हैं। यह कहना कि पत्नी 'आनंद का साधन है, उस पवित्र संबंध की अवमानना है। बीके शर्मा हनुमान ने समाज से अपील की कि नारी गरिमा और सम्मान के मुद्दे पर सभी को एकजुट होना चाहिए, क्योंकि स्त्री समाज ही वह शक्ति है, जिसकी बदौलत परिवार, संस्कृति और सभ्यता कायम रहती है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियानः नगर आयुक्त ने मॉनिटरिंग के लिए लगाए अधिकारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मॉनिटरिंग के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों को बूथवार तैनात किया है। अभियान के तहत बीएलओ, मतदाता और नगर निगम टीम मिलकर हर वार्ड में सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम की टीम न केवल बीएलओ का सहयोग कर रही है, बल्कि मतदाताओं की पहचान, फॉर्म वितरण और सही तरीके से भरवाने में भी मदद कर रही है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के सफाई नायक और सेनेटरी फूड इंस्पेक्टर्स हर वार्ड में जाकर बीएलओ की सहायता कर रहे हैं। नगर आयुक्त के निर्देश पर वरिष्ठ प्रभारी और जोनल प्रभारी बूथों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने अर्चना और संजय कॉलोनी के बूथों का निरीक्षण किया और कार्यों को रफ्तार देने के लिए स्थानीय बीएलओ के साथ बैठक की। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने नंदग्राम क्षेत्र के 25 बूथ का दौरा कर कार्यवाही का जायजा लिया और सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने इंदिरापुरम क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने में जुटे रहे। निर्माण विभाग से अधिशासी अभियंता विपुल और अधिशासी अभियंता देशराज शहीद नगर क्षेत्र के बूथों में बीएलओ का सहयोग करते नजर आए। इसके अलावा नगर निगम के अन्य विभागीय अधिकारी भी विभिन्न वार्डों में मतदाताओं की पहचान और स्थ्क्र फॉर्म एकत्र करने में जुटे हुए हैं। नगर निगम की टीम ने हर घर तक पहुंच सुनिश्चित की है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 55 अवशेष भवनों का पारदर्शी ड्रॉ संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत निवाडी क्षेत्र के अवशेष 55 भवनों का आवंटन शनिवार को हिंदी भवन, लोहिया नगर में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ ड्रॉ के माध्यम से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-जिलाधिकारी ने की, जिसमें आवेदकों की उपस्थिति में हर प्रक्रिया को सुनियोजित और व्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया। ड्रॉ कार्यक्रम के दौरान प्राधिकरण के अपर सचिव महोदय, वित्त नियंत्रक महोदय, और परियोजना अधिकारी डूडा उपस्थित रहे। उन्होंने ड्रॉ प्रक्रिया का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि आवंटन पूरी तरह निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप हो। उपस्थित आवेदकों ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना की। उप-जिलाधिकारी ने आवंटन प्रक्रिया के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद और पात्र लाभार्थियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण आवास सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि निवाडी के इन 55 अवशेष भवनों का ड्रॉ आवेदकों की योग्यता, पात्रता और योजना के नियमों के अनुसार किया गया, ताकि किसी भी प्रकार का पक्षपात या विवाद उत्पन्न न हो। ड्रॉ प्रक्रिया के दौरान सभी आवेदकों को मौके पर वित्तीय और परियोजना से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच के लिए कहा गया और उपस्थित अधिकारियों ने सभी आवेदकों को प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। परियोजना अधिकारी डूडा ने भी कहा कि प्रत्येक भवन का विवरण, पात्रता सूची और ड्रॉ परिणाम सभी आवेदकों के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर उप-जिलाधिकारी ने आवेदकों को निर्देश दिए कि वे आवंटन के पश्चात आवास योजना के नियमों और शर्तों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य केवल आवास प्रदान करना ही नहीं, बल्कि लाभार्थियों के जीवन स्तर में सुधार करना और उन्हें सुविधाजनक, सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराना भी है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत, जीटीबी अस्पताल के बाहर तोड़ा दम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक की जिंदगी छीन ली। हादसा उस समय हुआ जब 30 वर्षीय प्रदीप कुमार बाइक से पसौंठा की ओर अपने घर पावी सादरूपुर (ट्रोनिका सिटी) लौट रहा था। भारत गैस प्लांट के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने तुरंत उसे जीटीबी अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन अस्पताल के बाहर ही प्रदीप ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। प्रदीप के पिता दीपचंद ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही वे भी अस्पताल पहुंचे, लेकिन बेटे को बचाया नहीं जा सका। अंतिम संस्कार के बाद दीपचंद ने टीला मोड़ थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह के अनुसार, दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अंधेरा और तेज रफ्तार वाहनों की वजह से अक्सर हादसे होते हैं।

## सेल्समैन बनकर ठगों ने किराना व्यापारी से उड़ाए ढाई लाख रुपये

**गाजियाबाद।** ठगी के नए-नए तरीके अपनाने वाले शातिर ठगों ने एक बार फिर व्यापारी को अपना शिकार बनाया है। लोनी थाना क्षेत्र के पिरोड़ी गांव में किराना व्यापारी वसीम से ठगों ने सेल्समैन के नाम पर फोन कर दो लाख 54 हजार रुपये हड़प लिए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। चिरौड़ी गांव निवासी वसीम की गांव में किराने की दुकान है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान पर अयान नाम का सेल्समैन सामान सप्लाई करता है। 20 नवंबर को वसीम के मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल और मैसेज आया। कॉल करने वाले ने खुद को अयान बताते हुए बताया कि उसके एक रिश्तेदार की तबीयत गंभीर है और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने कहा कि उसके खाते से ऑनलाइन लेनदेन नहीं हो पा रहा है।

## उप निर्वाचन अधिकारी की एसआईआर को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में उप निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में तेजी लाने और शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के उद्देश्य से राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उप निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार 30 नवंबर 2025, रविवार को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर रहेंगे और गणना प्रपत्र से संबंधित कार्य करेंगे। उन्होंने राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने बीएलए और अन्य प्रतिनिधियों के माध्यम से इस कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराने में सहयोग प्रदान करें। उप निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी मतदाता/निर्वाचक का नाम मतदाता सूची से ना हटने पाए, इसलिए जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें जागरूक करें और गणना प्रपत्र भरने में मदद करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भरे हुए गणना प्रपत्र जमा कराने से सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे और इसके बाद निर्वाचकों से प्राप्त फार्मों का डिजिटाइजेशन कार्य भी समय पर संपन्न किया जा सकेगा। बैठक में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर भाजपा से सुभाष चन्द्र शर्मा, कांग्रेस से राजेन्द्र शर्मा और बसपा से मनोज कुमार सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने अपने स्तर से बीएलओ और पार्टी कार्यकताओं को सक्रिय रखने का संकल्प लिया और एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। उप निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि गणना प्रपत्र भरने और जमा कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए हर बूथ पर बीएलओ पूरी तरह तैनात रहेंगे और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपनी निगरानी बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य लोकतंत्र की मजबूती और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजनीतिक दल अपने-अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की पूरी जानकारी दें, उन्हें फार्म भरने और जमा कराने में सहायता करें, ताकि गाजियाबाद जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य समय पर पूर्ण और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न किया जा सके।

## खोड़ा में मकानों के नंबर को लेकर बढ़ी नाराजगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खोड़ा क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा घरों पर लगाए जा रहे स्टिकर आधारित मकान नंबरों को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्टिकर टिकाऊ नहीं होते, जल्दी फट जाते हैं और बच्चे अक्सर उन्हें छील देते हैं, जिससे कुछ ही समय बाद घरों से नंबर गायब हो जाते हैं। लोग चाहते हैं कि नगर पालिका उनके घरों के दरवाजों पर लोहे की नंबर प्लेट लगाए, ताकि पहचान पक्की रहे और बाहर से आने वाले लोगों को घर ढूंढने में दिक्कत न हो।

खोड़ा में नगर पालिका वर्ष 2016 में बनी, जबकि बसावट 1983 के आसपास शुरू हुई थी। लंबे समय तक क्षेत्र में मकानों का कोई स्पष्ट नंबर नहीं था, जिससे पहचान बड़ी समस्या बनी हुई थी। अब नगर पालिका ने इलाके को 10 सेक्टरों में बांटकर मकानों की नंबरिंग शुरू की है, लेकिन स्टिकर लगाने पर लोग आपत्ति जता रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार नंबर बदल दिए जाते हैं, जिससे लोगों को लगातार परेशान होना पड़ता है। मनोज, विपिन गुप्ता, विशाल यादव और अनिरुद्ध जैसे स्थानीय निवासियों ने कहा कि स्टिकर व्यवस्था अव्यवस्थित है और नगर पालिका को इसे जल्द सुधारना चाहिए।

कुछ लोगों ने यह भी कहा कि नंबर न होने से बार-बार फोन कर पता बताना पड़ता है। नगर पालिका के कार्यपालक अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि वर्तमान बजट में फिलहाल स्टिकर ही लगाए जा रहे हैं, आगे की व्यवस्था बजट उपलब्धता के बाद की जाएगी।

## ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण, जिलाधिकारी ने सुरक्षा और रखरखाव पर दी सख्त हिदायत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शनिवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वेयरहाउस की सुरक्षा, साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया, ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्था के साथ संचालित हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा प्रोटोकॉल, साफ-सफाई और वेयरहाउस में रखे गए उपकरणों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस में सुरक्षा और रखरखाव की सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से जांची जाएँ और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन हर स्थिति में अनिवार्य है, ताकि मतदाताओं और राजनीतिक दलों को विश्वास हो कि सभी ईवीएम और वीवीपैट पूरी तरह सुरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, साथ ही वेयरहाउस में सभी आवश्यक संसाधनों और उपकरणों को समय पर दुरुस्त रखने का आदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस में प्रत्येक मशीन और उपकरण की निगरानी सुनिश्चित हो, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या न उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से सुभाष चन्द्र शर्मा, समाजवादी पार्टी से ताहिर हुसैन, कांग्रेस पार्टी से राजेन्द्र शर्मा और बीएपी से मनोज कुमार सहित निर्वाचन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वेयरहाउस की नियमित निगरानी आवश्यक है और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति से पारदर्शिता और भी बढ़ती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वेयरहाउस में रखे सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, रखरखाव और रिकॉर्डिंग की जांच निरंतर हो और कोई भी कमी बर्दाश्त न की जाए। डीएम ने यह भी बताया कि वेयरहाउस निरीक्षण मासिक आधार पर आयोजित किया जाएगा और प्रत्येक निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत की जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की बाधा या समस्या उत्पन्न न हो।

उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे किसी भी चिंता या सुझाव को साझा करें, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया में और पारदर्शिता लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गाजियाबाद में आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुरक्षित, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के लिए वेयरहाउस की पूरी तैयारी की जा रही है।